रोहतक
शुक्रवार 20 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 30, अंक : 17
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 27.2
न्यून. 8.3

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



07 टी-20 विश्व कप 2026: सुपर-8 में भारतीय टीम की दक्षिण अफ्रीका से होगी भिड़ंत



## खबर संक्षेप



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बृहस्पतिवार को संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की शिकायतें सुनीं व समाधान के निर्देश दिए।

### कोर्ट के आदेशों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**चंडीगढ़।** हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने राज्य मण्डलायुक्त और उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि वे नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल और न्यायालय के आदेशों का तय कानूनी नियमों के अनुसार रजिस्ट्रेशन अवश्य सुनिश्चित करें। डॉ. मिश्रा ने कहा कि मुख्य राजस्व अधिकारी, सब-रजिस्ट्रार और संयुक्त सब-रजिस्ट्रार को नेशनल कम्पनी ट्रिब्यूनल और कोर्ट के आदेशों के रजिस्ट्रेशन के संबंध में 13 नवंबर, 2013 को पहले के जारी निर्देशों और 22 नवंबर 2017 की अधिसूचना का पालन करना हैं।

### पशु अस्पतालों के लिए खरीदी जाएगी मशीनें

**चंडीगढ़।** पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में पशुओं के पॉलिक्लिनिक एवं अस्पतालों के लिए आधुनिक मशीनें खरीदी जाएंगी ताकि पशुपालकों के पशुधन का सस्ते में ईलाज हो सके। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार हाई पावर्ड परचेज कमेटी में गैस एनेस्थीसिया मशीन , अल्ट्रासाउंड मशीन, ब्लड टेस्ट उपकरण तथा बायो सेफ्टी लैब्स लेवल - 2 स्थापित करने को मंजूरी दी गई है।

### दस वर्ष की सेवा के बाद डीएसपी बनेंगे एएसपी

**चंडीगढ़।** सरकार के गृह विभाग ने हरियाणा पुलिस सेवा नियम, 2002 में महत्वपूर्ण संशोधन की अधिसूचना जारी की है। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुदीप राजपाल ने जारी अधिसूचना के अनुसार, इन संशोधित नियमों को हरियाणा पुलिस सेवा (संशोधन) नियम, 2026 कहा जाएगा। नई व्यवस्था के अनुसार, जो अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के पद पर नियमित रूप से दस वर्ष की सेवा पूरी कर चुके होंगे, उन्हें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के रूप में पुनः पदनामित किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित विभागों को पत्र भेजा गया है।

## डिजिटल जनगणना के लिए हरियाणा तैयार, 16 अप्रैल से शुरू होगा ऑनलाइन पोर्टल

# एप में खुद भर सकेंगे विवरण, गणना कर्मचारी घर पहुंचकर करेंगे सत्यापन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में जनगणना-2027 को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। जनगणना के सफल और समयबद्ध संचालन के लिए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंडलायुक्तों, उपायुक्तों, निगम आयुक्तों वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग की। जिसमें उन्होंने जनगणना को लेकर निर्देश दिए। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बताया कि देश में पहली बार पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी। इसके पहले चरण में 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' 1 मई से 30 मई, 2026 तक की जाएगी। वर्ष 1966 में राज्य गठन के बाद से, हरियाणा के लिए यह छठी जनगणना होगी। परंपरागत प्रक्रिया से हटकर इस बार नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा, जिसके लिए 16 अप्रैल, 2026 से एक ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जाएगा।

■ मुख्य सचिव ने वीसी से बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश



### 50 हजार गणना कर्मचारी व आठ हजार पर्यवेक्षक संभालेंगे काम

जनगणना संचालन निदेशक ललित जैन ने बताया कि जनगणना के अंतर्गत लगभग 50 हजार हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों को 203 ग्रामीण और शहरी चार्जों में कवर किया जाएगा। इस कार्य के लिए 50 हजार से अधिक गणना कर्मी और 8 हजार से अधिक पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। इनके प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर और फील्ड ट्रेनर की चरणबद्ध प्रशिक्षण व्यवस्था अपनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि गणना कर्मियों और पर्यवेक्षकों की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने तथा कार्य में निरंतरता बनाए रखने के लिए सरकार ने दोनों चरणों को सफलतापूर्वक पूरा करने पर 25 हजार का मानदेय देने का निर्णय लिया है

### ऑफलाइन मोड भी काम करेगा एप, तेजी से होगा गणना का काम

गणनाकर्मी एक विशेष हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करेंगे, जिसे उनके पंजीकृत निजी मोबाइल उपकरणों पर इंस्टॉल किया जाएगा। यह एप्लिकेशन ऑफलाइन मोड में भी कार्य करेगा, ताकि दूर-दराज और नेटवर्क-विहीन क्षेत्रों में भी जनगणना का कार्य बाधित न हो। नेटवर्क उपलब्ध होते ही डाटा स्वतः सिंक्रोनाइज हो जाएगा। यह मोबाइल एप्लिकेशन एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा, जिसके लिए न्यूनतम ऑपरेटिंग सिस्टम, रैम और स्टोरेज की शर्तें निर्धारित की गई हैं। रियल-टाइम मॉनिटरिंग की सुविधा भी रहेगी।

### विवरण भरने के बाद एसएमएस से मिलेगी एन्यूमरेशन आईडी

नागरिक अपने विवरण पहले ही ऑनलाइन भर सकेंगे। जानकारी सबमिट करने के बाद उन्हें एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से एक विशिष्ट सेल्फ-एन्यूमरेशन आईडी प्राप्त होगी। इसके बाद जब गणनाकर्मी मौके पर आएंगे, तो वे केवल पहले से भरी गई जानकारी का सत्यापन करेंगे, जिससे समय की बचत होगी और आंकड़ों की गुणवत्ता में सुधार होगा। जनगणना कार्य में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक जिले में जिला जनगणना समन्वय समिति गठित की जाएगी। राजस्व, शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य, पंचायती राज, सूचना प्रौद्योगिकी और जन संपर्क जैसे विभिन्न विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा।

## 12.40 लाख का एचआईवी टेस्ट, 5877 पॉजिटिव

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉक्टर सुमिता मिश्रा ने कहा कि हरियाणा ने एचआईवी/एड्स के खिलाफ अपनी लड़ाई को तेजी से बढ़ाते हुए चालू वित्तीय वर्ष में 12.40 लाख से अधिक लोगों का टेस्ट किया जिनमें से 5,877 व्यक्ति एचआईवी पॉजिटिव पाए गए।


**MUNICIPAL COMMITTEE, RAJOUND**
KAITHAL ASSANDH ROAD, RAJOUND-136044
E-mail:- secy.rajound@gmail.com, Ph. No. 01746-256257

**विषय : अपशिष्ट जल संचयन हेतु तालाब निर्माण के लिए 2 से 3 एकड़ भूमि किराये पर लेने बाबत**

नगर पालिका राजौंद द्वारा राजौंद के पुंडरी रोड पर स्थित 2 से 3 एकड़ भूमि 3 वर्ष के लिए किराये पर लेने हेतु इच्छुक भूमि स्वामियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त भूमि पर नगर पालिका राजौंद के अपशिष्ट जल (वेस्ट वाटर) के संचयन हेतु तालाब का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक भूमि स्वामी अपना आवेदन पत्र प्रस्तावित किराया दर तथा भूमि का पूर्ण विवरण (स्थान खसरा नंबर स्वामित्व संबंधी दस्तावेज आदि) सहित बंद लिफाफे में नगर पालिका राजौंद के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

**आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि : 23 फरवरी 2026**
**आवेदन जमा स्थान : कार्यालय नगर पालिका राजौंद**

नगर पालिका को प्राप्त आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।

हस्ता/- सचिव,
नगर पालिका राजौंद



**IN THE PUBLIC TRUSTS REGISTRATION OFFICE, GREATER MUMBAI REGION, MUMBAI**
Dharmadaya Ayukta Bhavan, 1st Floor,
Sasmira Building, Sasmira Road, Worli, Mumbai- 400 030.

**PUBLIC NOTICE OF INQUIRY**

Change Report No. **ACC/ I/ 9301/ 2024**
Filed by **Anil Kumar Kashyap**
In the matter of **"NATIONAL INSTITUTE OF CONSTRUCTION MANAGEMENT AND RESEARCH"**
**P.T.R. No. F- 9220 (Mumbai)**

To,
All concerned having interest -

WHEREAS THE Reporting trustee of the above trust has filed a Change Report under Section 22 of the Maharashtra Public Trusts Act, 1950 for bringing the below described property on the record of the above named trust and an inquiry is to be made by the Assistant Charity Commissioner-I, Greater Mumbai Region, Mumbai viz.

1) Whether this property is the property of the Trust ? and could be registered in the name of the above Trust ?

**DESCRIPTION OF THE PROPERTY:-**

**To take on record property acquired by trust vide registered Sale Deed having details as follows:**

**Nature of property:** Piece and parcel of Land bearing
i. Regn. No. 8687, dated 19/02/2014, Rakba 3.056 Acres (24 Kanal, 9 Marla) and
ii. Regn. No. 8688, dated 19/02/2014, Rakba 6.669 Acres (53 Kanal, 7 Marla); at Village-Dulhera, Bahadurgarh, Dist.-Jhaajjar, State: Haryana:
Alongwith all the infrastructure, buildings, furniture fixtures, IT equipments standing thereon
**Area:** Total Admeasuring area 9.725 Acres; Built-up area 146100 Sq.ft. bounded by:
East by 103 Karam; South by 92 Karam;
West by 147 Karam; North by 160 Karam
**Date of Sale Deed:** 06/02/2024
**Sr. No.:** 8496
Consideration Amount: Rs. 54,61,00,000/-
Stamp Duty: Rs. 2,100/-
Registration Fee: Rs. 50,000/-
Pasting Fee: Rs. 3/-
**Total Cost:** Rs. 54,61,52,103/-
**District & Sub-district:** Sub Registrar, Bahadurgarh, Dist.-Jhaajjar, State: Haryana

This is to call upon you to submit your objections, if any, in the matter before the Ld. Assistant Charity Commissioner-I, Greater Mumbai Region, Mumbai, at above address in person or by pleader within 30 days from the date of Publication of this notice, failing which the application will be decided on its own merits.

Given under my Hand and Seal of the Hon'ble Joint Charity Commissioner, Greater Mumbai Region, Mumbai.

This **06th** day of the month of **February, 2026.**

Seal

Sd/-
Superintendent - (J),
Public Trusts Registration Office,
Greater Mumbai Region, Mumbai.


## विस स्पीकर की अध्यक्षता में बीएसी की बैठक में फैसला

# विस सत्र आज से, 18 मार्च तक चलेगा मुख्यमंत्री सैनी दो को पेश करेंगे बजट



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा का बजट सत्र 20 फरवरी से शुरू होकर 18 मार्च तक चलेगा। वीरवार को विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में आयोजित कार्य सलाहकार समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। समिति की रिपोर्ट शुक्रवार को सदन में प्रस्तुत की जाएगी। विधान सभा का बजट सत्र 20 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ 11 बजे शुरू होगा। पहले दिन शोक प्रस्ताव भी पढ़े जाएंगे। 21 व 22 फरवरी को सदन में अवकाश रहेगा। 23 फरवरी को सदन 2 बजे शुरू होगा। 24 से 27 फरवरी तक सत्र की बैठकें सुबह 11 बजे शुरू होंगी। 27 फरवरी को मुख्यमंत्री राज्यपाल के अभिभाषण का जवाब देंगे।

### 17 को बजट एस्टीमेट पर वोटिंग

इसी कड़ी में 2 मार्च को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर वित्त मंत्री बजट पेश करेंगे। कई दिन चर्चा के बाद प्रस्ताव पर वोटिंग होगी। 17 मार्च को बजट एस्टीमेट पर वोटिंग होगी। समिति में शून्य काल तथा प्रश्नकाल भी होंगे। विस्तृत जानकारी सदन की स्वीकृति के बाद सांझी की जाएगी। कार्य सलाहकार समिति की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह, संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा, सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग; कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, विधायक गीता भुक्कल, विशेष आमंत्रित सदस्य विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, विधायक सावित्री जिंदल और अर्जुन चौटाला मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री की सुशासन सहयोगियों के साथ समीक्षा बैठक

# कचरा प्रबंधन, ड्रेनों की सफाई और लोगों शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करें

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संत कबीर कुटीर निवास स्थान पर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जिलों में सफाई, कचरा प्रबंधन, सफाई व्यवस्था, शिकायत निवारण सिस्टम को मजबूत करने और प्रशासनिक क्षमता में सुधार करने पर फोकस किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम के परियोजना निदेशक डॉ. यशपाल भी मौजूद रहे। सुशासन सहयोगियों ने मुख्यमंत्री को जिलों में जमीनी स्तर पर आने वाली मुख्य चुनौतियां और अपने-अपने जिलों में किए जा रहे नए तरीकों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कचरा अलग-अलग करने, नालों की सफाई, सीवरेज दुरूस्त करने व अन्य मुद्दों पर बात की।

### सीवरेज व्यवस्था के लिए निगम आयुक्त नोडल अफसर होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि निगम आयुक्त संबंधित जिलों में सीवरेज से जुड़ी सभी शिकायतों के लिए नोडल अफसर के रूप में काम करेंगे और उन्हें जनस्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि उनका जल्दी समाधान किया जा सके। जनता या शिकायत पोर्टल से मिली किसी भी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए और समयबद्ध ढंग से शिकायतों का निवारण किया जाना चाहिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीटिंग में शामिल हुए निगम आयुक्तों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अपने-अपने इलाकों में साफ सफाई के साथ कचरा प्रबंधन को मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नालों की सफाई के निर्देश दिए।

## कांस्टेबल भर्ती का फेक नोटिस वायरल

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस कांस्टेबल के 5500 पदों पर भर्ती के पीएमटी और पीएसटी की डेट को लेकर हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन का एक और नोटिस वायरल हो रहा है। इस नोटिस में डेट का उल्लेख किया गया है। हालांकि इस नोटिस को हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने फेक बताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर आकर ये खुलासा किया है। उन्होंने लिखा है, आयोग जल्द ही जारी पीएमटी और पीएसटी की तारीख जारी करेगा। ऐसा दूसरी बार हुआ है, जब फर्जी नोटिस वायरल हुआ है।

# अदालत में फर्जी जमानती देना गंभीर मामला

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने जमानत मामलों में फर्जी जमानती देने की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि फर्जी आधार कार्ड और जमीन के कागजात के आधार पर जमानती पेश करना सोची-समझी और सुनियोजित धोखाधड़ी है, जो न्यायालय के साथ छल के समान है। इन टिप्पणियों साथ ही हाईकोर्ट ने आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने आदेश में कहा कि फर्जी जमानती देना कोई मामूली चूक नहीं है। जमानत मामलों में फर्जी जमानती पेश किए जाने के मामलों में वृद्धि हो रही है और इस पर रोक लगाना आवश्यक है। आरोप है कि सिरसा निवासी याचिकाकर्ता ने एक अन्य आरोपी जॉनी को जमानत दिलाने के लिए किसी अन्य व्यक्ति इकबाल सिंह के नाम से फर्जी आधार कार्ड और जमीन के दस्तावेजों का उपयोग कर जमानती पेश किया। इस मामले में धोखाधड़ी और जालसाजी का एफआईआर दर्ज है। एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी की आशंका से आरोपी ने अग्रिम जमानत की याचिका दायर की, जिसे नवंबर 2025 में ट्रायल कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद उसने हाईकोर्ट का रुख किया था।

■ हाईकोर्ट की कड़ी टिप्पणी, आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बवानी खेड़ा | नगर पालिका बवानी खेड़ा की सीमा में 500 बंदरों को पकड़ना। | 18.02.2026 25.02.2026 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 mc.bawankhera1@gmail.com |
| 2 | नगर पालिका बवानी खेड़ा | नगर पालिका बवानी खेड़ा के लिए एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर एक ट्रॉली की आपूर्ति (जीएसटी, परिवहन, एक्सेसरीज, रजिस्ट्रेशन और बीमा समेत) + 1 कार्य। | 18.02.2026 25.02.2026 | 54,71,372/- | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 mc.bawankhera1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/60/43172/1/88/6 दि. 19.02.26


## एसीआर रिपोर्ट पर हाईकोर्ट का हस्ताक्षेप से इनकार

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि गोपनीय रिपोर्ट लिखना प्रशासनिक कार्य है, जिसमें निष्पक्षता, वस्तुनिष्ठता और उच्च स्तर की जिम्मेदारी अपेक्षित है। अदालतों को सामान्य परिस्थितियों में ऐसी प्रविष्टियों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। अदालत ने कहा दोहराया कि जब तक दुर्भावना या शक्ति के दुरुपयोग का स्पष्ट मामला न हो, तब तक संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं है। जस्टिस जगमोहन बंसल ने एसीआर में की गई प्रतिकूल टिप्पणियों को हटाने की मांग वाली याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि प्रदर्शन मूल्यांकन मुख्यतः रिपोर्टिंग अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में आता है, न कि अदालत के। अदालत ने कहा कि गोपनीय रिपोर्ट लिखते समय अधिकारी को बिना किसी पूर्वाग्रह के निष्पक्ष और न्यायसंगत आकलन करना चाहिए।

## दिव्यांग को पदोन्नति से वंचित करना असंवैधानिक

**चंडीगढ़।** दिव्यांगों के अधिकारों और सेवा में समानता को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा है कि सेवा के दौरान स्थायी दिव्यांगता झेलने वाले कर्मचारी को केवल इस आधार पर पदोन्नति से वंचित नहीं किया जा सकता, जब उसके समान स्थिति वाले जूनियर कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया हो। कोर्ट ने इसे पूरी तरह से असंवैधानिक करार दिया है। जस्टिस नमित कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा याची के साथ पिक एंड चूज के आधार पर किया गया भेदभाव पूरी तरह मनमाना, अनुचित और संविधान के अनुच्छेद 14 व 16 में निहित समानता और निष्पक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन है।

## चेक बाउंस मामलों की अपील के लिए 20% राशि जमा करवाना सामान्य नियम : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** हाईकोर्ट ने कहा कि नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट (चेक बाउंस ) की धारा 148 के तहत अपील के दौरान मुआवजा राशि का न्यूनतम 20 प्रतिशत जमा कराने का निर्देश सामान्य नियम है। हालांकि, यदि दोषी विशेष, असाधारण या ठोस परिस्थितियां साबित कर दे, तो अपीलीय अदालत इस शर्त में ढील दे सकती है। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने चेक बाउंस मामले में कानूनी स्थिति स्पष्ट करते हुए अहम आदेश दिया है।जस्टिस सुमित गोयल ने कहा कि धारा 148 के तहत जमा राशि से छूट मांगने का दायित्व दोषी पर है। जब तक असाधारण परिस्थितियां प्रदर्शित नहीं की जातीं, विधायी मंशा प्रभावी रहेगी। अदालत ने कहा कि इस प्रावधान का उद्देश्य चेक बाउंस मामलों में अनावश्यक देरी को रोकना और लंबी अपीलीय कार्यवाही के दौरान शिकायतकर्ता को राहत देना है।

■ असाधारण परिस्थितियों में छूट दे सकती है कोर्ट


समृद्ध किसान हमारी पहचान

**कार्यालय मार्किट कमेटी भिवानी**
Office: 01664-242323

**ऑनलाईन बोली दिनांक 24.02.2026**

ई-आवशन में भाग लेने हेतू बोलीदाता को वेब पोर्टल hsamb.procure247.com or www.hsamb.org.in पर login ID व पासवर्ड के लिए रजिस्ट्रेशन करना होगा।

1. नीलामी की तिथि से 48 घन्टे पहले पंजीकरण शुल्क का भुगतान RTGS/NEFT से किया जा सकता है।
2. नीलामी की तिथि के समय से 1 घन्टे पहले (up to 9A.M) तक ई.एम.डी का भुगतान Net Banking/ Debit Card/Credit Card से ऑनलाईन किया जा सकता है

**निलामी में रखे गए प्लॉटों का विवरण :-**

**अतिरिक्त नई अनाज मण्डी (टी०एम०सी०) भिवानी**
**Group 1- Booth Plot No. 292 (10'-0"X19'-6") (1 Nos.) (EMD amount 1,00,000/-)**
**नई अनाज मण्डी सबयार्ड बवानी खेडा**
**Group 1- Shop Plot No. 86,92 (20'-0"X85'-0") (2 Nos.) (EMD amount 5,00,000/-)**

**ई-निलामी के नियम व शर्तों की जानकारी हेतू पोर्टल:-**
**http://www.hsamb.procure247.com**
**Or**
**www.hsamb.org.in**

**सभी प्रकार के भुगतान पोर्टल के माध्यम से Net Banking/ Debit Card/Credit Card के द्वारा किए जाएंगें।**

**बोली राशी की 10 प्रतिशत राशि बोलीदाता द्वारा बोली के 48 घन्टे के अन्दर जमा करवानी होगी।**
**बोली राशी की 15 प्रतिशत राशि आशय पत्र के जारी होने के 30 दिन के अन्दर-2 जमा करवानी होगी।**
**बोली राशी की 75 प्रतिशत राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना होगा।**

1. यदि आशय पत्र जारी होने की तिथि से 60 दिन के भीतर एकमुश्त में भुगतान करता है, तो बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत पर 5 प्रतिशत छूट सहित जमा करवा सकते हैं।
2. बिना ब्याज एकमुश्त राशि का भुगतान आशय पत्र जारी होने की तिथि के 120 दिन के भीतर किया जा सकता है।
3. इच्छुक बोली दाता ई-आक्शन में रखे गए प्लॉटों के सम्बन्ध में नियम, शर्तें व विस्तृत जानकारी हेतू **http://www.hsamb.procure247.com** पर या किसी भी कार्य दिवस को सुबह 10.00 बजे से 5.00 बजे तक कार्यालय मार्किट कमेटी, भिवानी में सम्पर्क कर सकते है।

**Note:- "Bidders are advised to check the location and privileges attached to plot before participating in auction process and no claim whatsoever will be considered lateron in this regard." The Chief Administrator HSAM Board is competent authority to approve or disapprove the auction.**

चेयरमैन,
मार्किट कमेटी, भिवानी



**विज्ञापन का ड्राफ्ट**
**जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल भवन परिसर, निकट रेडक्रॉस, चिड़ियाघर रोड, भिवानी-127021**
**सम्पर्क नं. 01664-297352**

मिशन वात्सल्य के तहत पोक्सो अधिनियम 2012 की धारा 39 के अंतर्गत समर्थित व्यक्तियों के संबंध में आदर्श दिशा-निर्देशों के अनुरूप और न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अनुरूप निर्धारित दरों पर समर्थित व्यक्तियों का पैनल तैयार करने के लिए पात्र पुरुष और महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

अन्तिम तिथि :- 06.03.2026

- योग्यताएं :-
  - सामाजिक कार्य / समाजशास्त्र / मनोविज्ञान अथवा बाल विकास में स्नातकोत्तर उपाधि या बाल शिक्षा एवं विकास या संरक्षण मुद्दों में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव रखने वाला स्नातक।
  - बाल गृह और आश्रय गृह से जुड़ा कोई अधिकारी जो बच्चे की कस्टडी के लिए जिम्मेदार हो, भी समर्थित व्यक्ति के तौर पर आवेदन करने के लिए पात्र होगा, यदि वह अपने कर्तव्यों के अलावा काम करेगा/करेगी और दिशा-निर्देशों के अनुरूप समान वेतन भी दिया जाएगा।
- आयु :- 25 से 42 वर्ष
- न्यूनतम वेतन :- न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत उच्च कुशल कामगार के लिए निर्धारित राशि के अनुसार 600 रुपए प्रतिदिन।
- यात्रा भत्ता :- समर्थित व्यक्ति को वास्तविक सामान्य बस/ट्रेन किराया के अनुसार प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी या स्वयं के वाहन/निजी टैक्सी/वाहन द्वारा यात्रा के लिए रु. 9/- प्रति किलोमीटर लेकिन बाल कल्याण समिति द्वारा विधिवत सत्यापित बिल प्रस्तुत करने पर एक दिन में अधिकतम 25 किमी.
- प्रति माह यात्राओं की संख्या :- वह प्रतिदिन कई यात्राएं कर सकता/सकती है लेकिन प्रतिदिन की दर से वेतन मिलेगा और अधिकतम 20 दिनों के लिए वेतन दिया जा सकता है।
- समर्थित व्यक्तियों की संख्या :-

| क्र. सं. | यमुनानगर जिले में पैनल तैयार किये जाने वाले समर्थित व्यक्तियों की कुल संख्या | महिला के लिए आरक्षित | पुरुष के लिए आरक्षित |
|---|---|---|---|
| 01 | 04 | 03 | 01 |

- अवधि :- समर्थित व्यक्तियों को तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा जिसकी समीक्षा जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा की जाएगी और चयन समिति के आधार पर वार्षिक आधार पर तीन वर्ष के बाद आगे बढ़ाया जाएगा। यदि समर्थित व्यक्ति समय पर रिपोर्ट नहीं करता/करती है या गलत रिपोर्टिंग करता/करती है तो उसे कार्यकाल के दौरान बिना किसी नोटिस के किसी भी समय हटाया जा सकता/सकती है।
- शपथ-पत्र :- प्रत्येक उम्मीदवार को निम्नलिखित बिंदुओं के साथ शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा :
  1. उसका कोई पिछला दोषसिद्ध रिकॉर्ड नहीं है।
  2. वह किसी भी अनैतिक कार्य या बाल शोषण या बाल श्रम के रोजगार में शामिल नहीं रहा/रही है।
  3. किसी भी एजेंसी/न्यायालय में उसके खिलाफ कोई इंक्वायरी लंबित नहीं है।
  4. आवेदक बाल अधिकारों या मानवाधिकारों के उल्लंघन का कोई पिछला रिकॉर्ड नहीं दिखाता है।
  5. उसके पास हरियाणा का डोमिसाइल अवश्य होना चाहिए।
  6. वह जिला का निवासी अवश्य होना चाहिए।
- साक्षात्कार :- सभी शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों को चयन समिति द्वारा आयोजित एक व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

**टिप्पणी :- शॉर्टलिस्टेड समर्थित व्यक्ति को अनिवार्य रूप से ज्वाइनिंग से पहले पुलिस वैरीफिकेशन रिपोर्ट जमा करवानी होगी।**

**उपरोक्त पद के लिए नियम व शर्तें निम्नानुसार है :-**

1. निर्धारित आवश्यक योग्यता किसी अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं देती है। विभाग चयन समिति द्वारा अपनाए जाने वाले तर्कसंगत मानदंड के आधार पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट कर सकता है। आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, अभ्यर्थी की पात्रता/उपयुक्तता तथा चयन के मानदंड आदि से संबंधित सभी मामलों में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा तथा अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. उक्त पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे आवेदन की अंतिम तिथि को सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। यदि साक्षात्कार या नियुक्ति से पहले या बाद में किसी भी समय सत्यापन में यह पाया जाता है कि वे पात्रता की किसी भी शर्त को पूरा नहीं करते हैं या यह पाया जाता है कि दी गई जानकारी झूठी या गलत है तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद ही अनुभव पर विचार किया जाएगा।
3. आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज :-
   1. आवेदन पत्र पर विधिवत सत्यापित और चिपकाई गई एक पासपोर्ट आकार की फोटो।
   2. कक्षा 10वीं की मार्कशीट की स्व-सत्यापित प्रति
   3. कक्षा 12वीं की मार्कशीट की स्व-सत्यापित प्रति
   4. ग्रेजुएशन की मार्कशीट और डिग्री की स्व-सत्यापित प्रति
   5. पोस्ट ग्रेजुएशन की मार्कशीट की स्व-सत्यापित प्रति
   6. आधार कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति।
   7. हरियाणा के निवास प्रमाण पत्र की प्रति।
   8. अनुभव प्रमाण पत्रों की प्रति (क्रम संख्या, दिनांक और हस्ताक्षर और जारी करने वाले प्राधिकारी की मुहर के साथ)।
   9. उपरोक्त सभी 6 बिंदुओं के साथ मूल रूप में और नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र।
4. आवेदन पत्र एकदम रद्द कर दिया जाएगा, यदि :
   - यदि आवेदन पत्र अहस्ताक्षरित/अधूरा है
   - आवेदन अन्तिम तिथि के पश्चात विभाग में प्राप्त होता है तो किसी डाक विलम्ब के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।
   - उम्मीदवार के पास कटऑफ तिथि को अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता/अनुभव नहीं है।

उपरोक्त प्रारूप के अनुसार विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ सत्यापित करके 06.03.2026 तक केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यालय में दिए गए पते जिला बाल संरक्षण कार्यालय, बाल भवन परिसर, रेड क्रॉस के पास, चिड़ियाघर रोड, भिवानी 127021, संपर्क नंबर 01664-297352 पर पहुंच जाने चाहिए। 06.03.2026 के बाद कार्यालय में किसी भी आवेदन को दस्ती तौर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और न ही उस पर विचार किया जाएगा। अधिक विवरण और आवेदन-पत्र के लिए आप जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात **Bhiwani.nic.in** पर पधार सकते हैं।

**नोट:- वॉक इन इंटरव्यू में भाग लेने के लिए कोई टीए-डीए देय नहीं होगा।**

हस्ता/- जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास, भिवानी

पीआरडीएच-1128/11/611/2026/43167/88/6 दि. 19.02.26

**रोहतक**
शुक्रवार 20 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 30, अंक : 17
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 27.2
न्यून. 8.3

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,298.14 | 1236.11 ▼ |
| निफ्टी | 25,454.35 | 365.00 ▼ |

| धातु | कीमत | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 1,59,000/- | 200/- ▼ |
| चांदी | 2,44,500/- | 1500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 90.67 | 5 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 67.57 बैरल | | 0.22% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा के बागी बिष्णु प्रसाद तृणमूल में शामिल



**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बागी विधायक बिष्णु प्रसाद शर्मा बृहस्पतिवार को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। राज्य की कार्सियांग विधानसभा सीट से विधायक शर्मा यहां तृणमूल कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी में शामिल हुए। शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु और उद्योग मंत्री शशि पांजा ने तृणमूल में उनका स्वागत किया। शर्मा के जाने से विधानसभा में भाजपा सदस्यों की संख्या घटकर 64 हो गई है। *एजेंसी*

### ब्राजीलियन से 4.776 किलो कोकीन बरामद



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुरुवार को एक ब्राजीलियन नागरिक के पास से 4.776 किलो कोकीन जब्त किया है। जब्त ड्रग की अनुमानित कीमत लगभग 23.88 करोड़ रुपये है। आरोपी की चेक-इन बैग से चार हैंडबैग बरामद हुए, जिनमें छिपी हुई कम्पार्टमेंट में कोकीन मिक्स्ड फैब्रिक रखा गया था। आरोपी साओ पाउलो से बेंगलुरु आया था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है। *एजेंसी*

### बिना इजाजत देश छोड़कर नहीं जाऊंगा : अनिल



**नई दिल्ली।** ईडी ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को नया समन जारी किया है। इस हफ्ते बयान देने के लिए नहीं आने की वजह से उन्हें 26 फरवरी को फिर पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उनकी पत्नी टीना अंबानी ने भी दो बार सुनवाई टाली है। वहीं, अनिल ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। इसमें उन्होंने वचन दिया है कि वे अदालत की अनुमति के बिना भारत छोड़कर नहीं जाएंगे। *एजेंसी*

### कुशाभाऊ ठाकरे विवि के नए कुलपति मनोज दयाल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने हरियाणा के हिसार स्थित गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्राध्यापक मनोज दयाल को रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि राज्यपाल डेका के सचिव सी आर प्रसन्ना ने इस संबंध आदेश जारी किया। अधिकारियों ने बताया कि प्रोफेसर दयाल का शिक्षण क्षेत्र में 35 वर्ष का लंबा अनुभव है। *एजेंसी*

### फिल्म 'घूसखोर पंडत' पर विवाद खत्म, नाम वापस

**नई दिल्ली ।** फिल्म निर्माता नीरज पांडे द्वारा 'घूसखोर पंडत' शीर्षक एवं उससे जुड़ी सभी प्रचार सामग्री वापस लिए जाने की जानकारी दिए जाने के बाद, उच्चतम न्यायालय ने इस फिल्म के खिलाफ दायर याचिका का बृहस्पतिवार को निपटारा कर दिया। पीठ ने पांडे के हलफनामे को रिकॉर्ड पर लेने के बाद याचिका का निपटारा किया और उम्मीद जताई कि यह विवाद पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। यह याचिका 'ब्राह्मण समाज ऑफ इंडिया' के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा ने दायर की थी और इसमें फिल्म की रिलीज पर रोक लगाए जाने का अनुरोध किया गया था। *एजेंसी*

---

**एआई में भय नहीं, भाग्य और भविष्य**

# डीपफेक रोकने के लिए एआई कंटेंट पर लगे लेबल : मोदी

## एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन का उद्घाटन, दिल्ली में जुटे दुनिया के दिग्गज

*प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि दुनिया के कई देशों में जहां एआई को लेकर भय का माहौल है, वहीं भारत इसे अपने 'भाग्य' और उज्ज्वल भविष्य के रूप में देख रहा है। भारत इसे अपनी विकास यात्रा का अगला बड़ा टर्निंग पॉइंट मानता है।*

*समिट में 110 से ज्यादा देश, 20 से ज्यादा देशों के प्रमुख और करीब 100 सीईओ और फाउंडर्स शामिल हो रहे*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई के सुरक्षित इस्तेमाल का नया फॉर्मूला दिया। पीएम ने कहा कि जैसे खाने के पैकेट पर 'न्यूट्रिशन लेबल' होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी 'ऑथेंटिसिटी लेबल' होना चाहिए ताकि फर्क पता चल सके। वहीं, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भारत को 'इंटेलिजेंस युग' में ले जाने के लिए 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश का बड़ा एलान किया है। समिट को नरेंद्र मोदी और मुकेश अंबानी के अलावा गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन जैसे लीडर्स ने संबोधित किया। 16 फरवरी से शुरू समिट 20 फरवरी तक चलेगी, इसमें 110 से ज्यादा देश, 20 से ज्यादा देशों के प्रमुख और करीब 100 सीईओ और फाउंडर्स शामिल हो रहे हैं।

- *पीएम ने प्रौद्योगिकी पर मानव नियंत्रण की वकालत की*
- *जब तकनीक सबके लिए खुली होगी, तभी दुनिया भर के युवा दिमाग उसे बेहतर और सुरक्षित बना पाएंगे*
- *एआई नौकरियां खत्म नहीं करेगा बल्कि नए अवसर पैदा करेगा*



### एआई को 'ओपन सोर्स' बनाएं

भारत ने दुनिया की 'कॉन्फिडेंशियल' सोच से अलग हटकर एआई कोड को 'ओपन शेयर' करने की बात कही। पीएम का मानना है कि जब तकनीक सबके लिए खुली होगी, तभी दुनिया भर के युवा दिमाग उसे बेहतर और सुरक्षित बना पाएंगे।

### ह्यूमन-सेंट्रिक अप्रोच और नौकरियां

पीएम ने कहा कि एआई नौकरियां खत्म नहीं करेगा बल्कि नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि हम ऐसे युग में हैं जहां इंसान और मशीन मिलकर क्रिएट करेंगे। उन्होंने स्किलिंग और रिस्किलिंग को एक 'मास मूवमेंट' बनाने पर जोर दिया।



### डेटा की तरह सस्ता होगा एआई : अंबानी

रिलायंस चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि जिस तरह जियो ने देश में डेटा सस्ता किया, उसी तरह अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी आम भारतीय तक किफायती दरों पर पहुंचाया जाएगा। इस दिशा में जियो और रिलायंस इंडस्ट्रीज अगले सात साल में 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे। एआई से पैदा होने वाली चिंताओं पर अंबानी ने कहा कि एआई वह मंत्र है जो हर यंत्र को तेज, बेहतर और स्मार्ट तरीके से काम करने की शक्ति देता है। मैं एआई को आधुनिक अक्षय पात्र के रूप में देखता हूं, जो अंतहीन पोषण प्रदान कर सकता है। एआई नौकरियां नहीं छीनेंगा बल्कि, यह हाई-स्किल काम के नए मौके पैदा करेगा।

*भारत-यूएई साझेदारी को नई धार, उन्नत तकनीक....पढ़े पेज-8 पर*

---

**सुप्रीम कोर्ट बोला-सरकारें रोजगार दें**

# फ्री खाना मिलेगा तो लोग काम क्यों करेंगे

*मुफ्त बिजली-पानी देने से काम करने की आदत ही खत्म हो जाएगी*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फ्रीबीज कल्चर (मुफ्त की रेवड़ियां) पर कहा कि अगर सरकार लोगों को सुबह से शाम तक फ्री खाना, गैस और बिजली देती रहेगी तो लोग काम क्यों करेंगे। ऐसे तो काम करने की आदत खत्म हो जाएगी। सरकार को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना फर्क किए सबको मुफ्त सुविधा देना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इसमें कंज्यूमर्स की फाइनेंशियल हालत की परवाह किए बिना सभी को फ्री बिजली देने का प्रस्ताव था। पीठ ने कहा कि ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे में हैं और फिर भी वे मुफ्त की घोषणाएं कर रहे हैं।

### क्या हम ऐसा ही देश बनाना चाहते हैं?

आपको लोगों के लिए रोजगार के रास्ते बनाने चाहिए, ताकि वे कमा सकें और अपनी इज्जत और आत्म सम्मान बनाए रख सकें। जब उन्हें एक ही जगह से सबकुछ मुफ्त मिल जाएगा तो लोग काम क्यों करेंगे। क्या हम ऐसा ही देश बनाना चाहते हैं? अचानक चुनाव के आस-पास स्कीम क्यों अनाउंस की जाती हैं? अब समय आ गया है कि सभी पॉलिटिकल पार्टियां, नेता फिर से सोचें। अगर हम इस तरह से उदारता दिखाते रहे तो हम देश के डेवलपमेंट में रुकावट डालेंगे। एक बैलेंस होना चाहिए। ऐसा कब तक चलेगा?

### जो सक्षम नहीं हैं केवल उन्हें ही मिले मदद

हम भारत में कैसी संस्कृति विकसित कर रहे हैं? यह समझ में आता है कि कल्याणकारी योजना के तहत आप उन लोगों को राहत दें, जो बिजली का बिल नहीं चुका सकते। जो लोग भुगतान करने में सक्षम हैं और जो नहीं हैं, उनके बीच कोई फर्क किए बिना मुफ्त सुविधा देना क्या तुष्टीकरण की नीति नहीं है?

### ऐसे समझें पूरा मामला

सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कंपनी ने 2024 के विद्युत संशोधन नियमों के नियम 23 को चुनौती दी है। इसमें उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी को मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव है। राज्य सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को हर दो-महीने में लगभग 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली देती है, बिना किसी शर्त के यानी उपभोक्ता चाहे कितना भी खर्च करे, पहली 100 यूनिट के लिए बिल नहीं देना होता।

---

**हरियाणा सचिवालय में भी अलर्ट**

## चंडीगढ़ कोर्ट-पंजाब सीएम ऑफिस उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** चंडीगढ़ स्थित पंजाब सचिवालय और चंडीगढ़ कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया और पूरे इलाके को खाली करा लिया गया। एहतियातन हरियाणा सचिवालय को भी अलर्ट पर रखा गया। धमकी भरा ईमेल संबंधित विभाग को मिला था, जिसमें सीएम ऑफिस में विस्फोट करने की बात कही गई है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और लोगों को सचिवालय से सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया। पुलिस बल, सीआरपीएफ, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉयड की टीमें मौके पर पहुंचीं और पूरे इलाके की बारीकी से तलाशी ली। जांच पूरी होने पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

**पुलिस और सीआरपीएफ ने चलाया जांच अभियान**

**ज्यादा लोड डालकर किया चेक**

## गगनयान मिशन के ड्रोग पैराशूट का सफल टेस्ट

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** चंडीगढ़। भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन लेवल लोड टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा हुआ। क्वालिफिकेशन लेवल टेस्ट में अधिकतम उड़ान भार से ज्यादा लोड डालकर पैराशूट की मजबूती और सुरक्षा मार्जिन की जांच की गई। इस टेस्ट के बाद पक्का हुआ कि भारत मजबूत और बड़ी क्षमता वाले रिबन पैराशूट को डिजाइन और बनाने में पूरी तरह सक्षम है। साथ ही पैराशूट असली मिशन जैसी परिस्थितियों में भी सुरक्षित और ठीक तरह से काम करेगा। गगनयान मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने के लिए ड्रोग पैराशूट बहुत जरूरी है।

**पैराशूट की मजबूती और सुरक्षा मार्जिन की जांच की गई**

**17 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म का आरोप**

## ब्रिटेन में किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू गिरफ्तार

**लंदन।** ब्रिटेन में किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें सार्वजनिक पद पर रहते हुए गलत बर्ताव के शक में पकड़ा गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने उन्हें गुरुवार सुबह करीब 8 बजे सैंड्रिंघम में उनके घर से हिरासत में लिया। बता दें कि एंड्रयू का आज ही जन्मदिन है। दरअसल, एपस्टीन मामले में पीड़िता रही वर्जीनिया गिफ्रे ने आरोप लगाया था कि 2001 में जब वह 17 साल की थी तब प्रिंस एंड्रयू ने उनका यौन शोषण किया था। हालांकि, एंड्रयू ने ग्रिफे के सभी आरोपों को खारिज किया था। गिफ्रे की अप्रैल 2025 में मौत हो गई थी। इसकी वजह आत्महत्या बताई गई थी। इंग्लैंड में सार्वजनिक पद पर रहने हुए कदाचार गंभीर अपराध माना जाता है। इस अपराध में अधिकतम सजा उम्रकैद हो सकती है।

**एपस्टीन मामले में नाम आया शाही घर भी छीना गया**

**सुरक्षा बलों को मिली सफलता**

## राजौरी में आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में पाकिस्तान स्थित आकाओं से सीधे संबंध रखने वाले एक आतंकी सहयोगी को दो विदेशी पिस्तौल बरामद किए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जनकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि नियंत्रण रेखा के पास स्थित सैर गांव निवासी सचिन कुमार उर्फ पम्मा को पुलिस और राष्ट्रीय राइफल्स के संयुक्त अभियान में बुधवार देर रात नौशेरा सेक्टर के एक गांव से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि कुमार की गिरफ्तारी के साथ ही एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है, जो प्रारंभिक जांच के अनुसार, पाकिस्तान के मादक पदार्थ और हथियार तस्करों के संपर्क में था।

**आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो विदेशी पिस्तौल मिली**

**आरोपी कोटा से गिरफ्तार**

## राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को यह दावा किया। उन्होंने धमकी वाला वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया है। पवन खेड़ा ने लिखा कि पूरा आरएसएस-भाजपा तंत्र एक 'गोडसे फैक्ट्री' है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है। उन्होंने एक्स पर लिखा- कट्टरपंथ ऐसे ही काम करता है। वे पहले एक झूठ बनाते हैं, पॉलिटिकल अथॉरिटी उसे आगे बढ़ाती हैं और तब तक फैलाती हैं जब तक उनके फॉलोअर्स के मन में नफरत और हिंसा नहीं भर जाती। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी राज आमेरा को पकड़ लिया है।

**कांग्रेस ने करणी सेना के कार्यकर्ता का वीडियो शेयर किया**

---

## 'गो बैक इंडियन डॉग', ऑस्ट्रेलिया में भारतीय पर नस्लीय हमला

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया में रह रहे एक भारतीय शख्स को कथित तौर पर नस्लीय हमले का सामना करना पड़ा है। मेलबर्न में रोजमर्रा की तरह अपनी जिम से बाहर आ रहे 22 वर्षीय हरमनप्रीत को एक रात अप्रत्याशित और परेशान करने वाली घटना का सामना करना पड़ा। नर्स हरमनप्रीत सिंह पर



उनकी जिम के बाहर कथित नस्लीय हमले में हमला हुआ जिससे उनकी नाक टूट गई और उन्हें गहरा मानसिक आघात पहुंचा। जानकारी के मुताबिक, यह घटना मंगलवार रात उस वक्त की है जब वह गीलॉन्ग के कोरियो स्थित जिम में वर्कआउट खत्म करने के बाद बाहर निकल रहे थे। बातचीत में सिंह ने दावा किया कि बाहर निकलते समय तीन लोगों ने उन्हें घेर लिया। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं था जब उन्होंने उस शाम उन लोगों को देखा था।

### अपशब्दों का इस्तेमाल किया

22 साल के हरमनप्रीत मेलबर्न में नर्स का काम करते हैं। हमलावर जिम के बाहर उनका इंतजार कर रहे थे। घटनास्थल के वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग उन पर चिल्ला रहे हैं और उन्हें 'गो बैक इंडियन डॉग' बुला रहे हैं। हरमनप्रीत का कहना है कि अचानक से वो लोग हिंसक हो गए।

## बांग्लादेश का एयरस्पेस स्पाइसजेट के लिए बंद

**बकाया भुगतान नहीं करने पर लगाई रोक**

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने कथित बकाया भुगतान न चुकाने के कारण बजट एयरलाइन स्पाइसजेट को अपने हवाई क्षेत्र के उपयोग से रोक दिया है। एयरस्पेस उपलब्ध न होने के चलते कोलकाता से गुवाहाटी और इंफाल जाने वाली कुछ उड़ानों को अब लंबा रूट अपनाना पड़ रहा है। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा कि



एयरलाइन प्राधिकरणों के साथ नेविगेशन शुल्क समेत संचालन और प्रक्रियागत मुद्दों पर चर्चा कर रही है। नियमित संवाद में है। उन्होंने इसे उद्योग से जुड़े सामान्य मुद्दे बताते हुए कहा कि जल्द समाधान की दिशा में रचनात्मक तरीके से काम किया जा रहा है और निर्धारित उड़ान सेवाएं नियमों के अनुसार जारी हैं।

---

## 22 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में होगा एसआईआर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग के सचिव पवन दीवान ने 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को लेटर लिखकर एसआईआर से जुड़ी तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने लेटर में बताया कि दिल्ली, कर्नाटक सहित शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। लेटर में आगे कहा गया है कि चुनाव आयोग ने पिछले साल 24 जून को आदेश दिया था कि पूरे देश में एसआईआर किया जाएगा।

**चुनाव आयोग बोला- अप्रैल से प्रक्रिया शुरू होगी**

### इन राज्यों में चलेगी प्रक्रिया

| | |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | कर्नाटक |
| अरुणाचल प्रदेश | लद्दाख |
| चंडीगढ़ | महाराष्ट्र |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | मणिपुर |
| हरियाणा | मेघालय |
| हिमाचल प्रदेश | मिजोरम |
| जम्मू और कश्मीर | नगालैंड |
| झारखंड | दिल्ली |
| | ओडिशा |
| | पंजाब |
| | सिक्किम |
| | त्रिपुरा |
| | तेलंगाना |
| | उत्तराखंड |

चुनाव आयोग ने पहले चरण में बिहार में एसआईआर करवाया था।

---

**आवाज सुनकर सीएम ने हेलीकॉप्टर में बैठाया, 15 मिनट बात की**

# युवक बोला-ओ ताऊ सैनी, थोड़ी देर मुझे भी बिठा ले ज्हाज में....

**सीएम की सादगी के सभी हुए कायल**

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** उचाना रैली में हुए एक वाक्या ने सभी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कायल कर दिया। कार्यक्रम में पहुंचे सीएम को एक युवक ने चिल्लाकर कहा, ' ओ ताऊ थोड़ी देर मुझे भी बिठा ले ज्हाज मैं..। इसके बाद युवक ने रेलिंग कूदकर मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर की ओर दौड़ लगा दी। सीएम के सिक्योरिटी स्टाफ ने उसे मुख्यमंत्री से मिलवाया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने भी युवक को अपने साथ हेलीकॉप्टर में पास ही बैठा लिया। दोनों के बीच करीब 15 मिनट तक बातचीत हुई। इस घटना के बाद युवक सोनू ने बताया कि ताऊ (सीएम सैनी) ने मेरा रुक्का सुन लिया। बाब्बा की दया तै, मैं जहाज में बैठ लिया। गांव घसो का सोनू इस घटना के बाद इतना खुश हुआ कि पूरी रात सो नहीं पाया।



**सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया:** सोनू ने बताया कि सीएम सैनी ने सिर पर हाथ रखा। इसके बाद मैंने तीन बार थापी मारी। इसकी बड़ी खुशी हुई। सीएम से मिलने के बाद मुझे रात भर नींद भी नहीं आई। अब सीएम ने भाईचारा निभाया है। हम भी उनका साथ देते रहेंगे।

### उचाना रैली खत्म कर वापस जा रहे थे सीएम

मुख्यमंत्री नायब सैनी जींद के उचाना में बुधवार को विधायक देवेंद्र अत्री द्वारा आयोजित विकास रैली को संबोधित करने आए थे। जैसे ही रैली खत्म हुई तो सीएम हेलिकॉप्टर में बैठकर रैली स्थल से चलने लगे। ग्राउंड में खड़ी भीड़ भी सीएम को हाथ हिलाकर विदाई देने लगी। इसी दौरान रैली में आया जींद के घसो गांव निवासी सोनू सीएम को देखकर जोर जोर से चिल्लाने लगा और हेलीकॉप्टर में बैठने की बात करने लगा।

### सबका हालचाल जाना

हेलिकॉप्टर के पास पहुंचते ही सीएम ने युवक को अपने पास ऊपर बुला लिया। इसके बाद सीएम ने करीब 15 मिनट तक युवक सोनू के साथ बातचीत की। सोनू का कहना है कि सीएम ने पढाई के साथ साथ परिवार के बारे में भी पूछा। सबका हालचाल जाना। इसके बाद वे मुझे नीचे उतारकर आगे चले गए।

### भगवान ने मिलाया : सोनू

युवक सोनू ने सीएम से मिलने के बाद बताया कि मेरे दिल में सीएम से मिलने के बाद बहुत खुशी है। मुझे परमात्मा के दर्शन करने की इच्छा थी। भगवान ने भी सीएम से खुद मेरी मुलाकात कराई। सीएम से मिलते ही मैं उनके पैरों में लेट गया। मुझे मेरा परमात्मा मिल गया। मैं घर से 200 रुपये लेकर निकला था।

खबर संक्षेप



### पंजाब से 20 लाख की हेरोइन लाए दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने पंजाब के दो नशा तस्करों को सिरसा से गिरफ्तार कर करीब बीस लाख रुपये की हेरोइन बरामद की है। तस्कर हेरोइन को सिरसा जिले में सप्लाई करने के फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए उन्हें पहले ही दबोच लिया। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने गुरुवार को बताया कि पकड़े गए तस्करों की पहचान पंजाब के जिला अमृतसर निवासी लवप्रीत सिंह व मनदीप सिंह के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान सिरसा शहर में मौजूद थी। सालासर मंदिर सिरसा के नजदीक दो युवक पैदल आते दिखाई दिए और पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया और तलाशी ली तो उनके कब्जे से 102 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि हेरोइन पंजाब के तरनतारन क्षेत्र से लेकर आए थे और इसे सिरसा में सप्लाई करने की फिराक में थे।

### पशुओं के बाड़े में गिरी बिजली, एक व्यक्ति झुलसा, भैंस मरी

**भिवानी।** गांव कायला में आसमानी बिजली गिरने से एक व्यक्ति झुलस गया और एक भैंस मर गई। हालांकि बिजली गिरने से अन्य कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना है। जानकारी के अनुसार गांव कायला निवासी सोनू ने भैंस को पशुओं के बाड़े में बांधा हुआ था। पास में ही उसके पिता मौजूद थे। अचानक आसमान में तेज चमक के साथ बिजली भैंस पर गिरी, जिससे भैस मर गई और वहां पर मौजूद सोनू के पिता भी झुलस गए। उनको उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनको घर भेज दिया। बुधवार को पश्चिमी विक्षोभ की वजह से हल्की बारिश हो रही थी। इस दौरान बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बिजली भी चमक रही थी। उसी वक्त गांव कायला में यह हादसा हुआ।

### दीवार विवाद में युवक की आंखों पर फेंका केमिकल

**यमुननगर।** दीवार के विवाद के चलते गांव अलाहर में एक व्यक्ति ने टॉयलेट में प्रयोग होने वाला तेजाबनुमा ज्वलनशील पदार्थ युवक के ऊपर फेंक दिया। इससे युवक की आंखें बुरी तरह झुलस गईं। वहीं, मौके पर मौजूद युवक की मां और उसकी पत्नी भी छींटे पड़ने से घायल हो गईं। पुलिस ने पीड़ित युवक की मां गुरमीत की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, गांव अलाहर निवासी गुरमीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि देर शाम करीब साढ़े आठ बजे वह अपने बेटे प्रमोद और बहू नेहा के साथ घर पर थी। इसी दौरान पड़ोसी धर्मपाल उनके घर आया और दीवार को लेकर कहासुनी करने लगा। आरोपी ने बोतल से तेजाबनुमा ज्वलनशील पदार्थ उसके बेटे प्रमोद के चेहरे पर फेंक दिया।

### पानीपत में युवक की गोली मारकर हत्या

**समालखा।** थाना समालखा क्षेत्र के तहत आने वाले गांव जौरासी खास के खेतों में वीरवार को रजवाहे के पास एक अज्ञात युवक का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। वहीं, युवक का शव पड़े देख राहगिरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी घटनास्थल की जांच करवाई। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। इधर, थानेदार समालखा गुलशन कुमार ने बताया कि युवक की गोली मारकर हत्या की गई है, वहीं मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है।

## लॉरेंस बिश्नोई व हाशिम बाबा गैंग के तीन गुर्गों व एक सहायक को दिल्ली पुलिस ने किया काबू

# सिद्धू मूसेवाला मर्डर में गैंगस्टर 'कबूतर' व गर्लफ्रेंड 'मैडम जहर' गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गुरुग्राम। पंजाब के चर्चित सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में रेकी करने वाले व लॉरेंस व हाशिम बाबा गैंग से जुड़े गैंगस्टर महफूज उर्फ बॉबी कबूतर और उसकी गर्लफ्रेंड नेहा को महिपालपुर से गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की ओर से गिरफ्तार की गई नेहा का असली नाम खुशनुमा अंसारी है और उसे गैंग में 'मैडम जहर' बुलाया जाता है। इन दोनों के अलावा बॉबी कबूतर के दो साथी मोहम्मद राजी खान और शाहबाज को भी गिरफ्तार किया गया है।

गैंगस्टर बॉबी कबूतर ने सिद्धू मूसेवाला की रूट व लोकेशन आदि की जानकारी मुख्य आरोपियों तक पहुंचाई थी

दिल्ली के सीलमपुर में हुए डबल मर्डर और ग्रेटर कैलाश इलाके में नादिर शाह मर्डर केस में भी है आरोपी।



गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई | मैडम जहर उर्फ नेहा | बॉबी कबूतर

**बॉबी पालता था कबूतर, नेहा का ब्यूटी पार्लर**

*दिल्ली पुलिस ने बताया कि महफूज उर्फ बॉबी कबूतर उत्तर-पूर्वी दिल्ली के चौहान बंगर इलाके का रहने वाला है। वह अपने घर की छत पर कबूतर पाला करता था। इस वजह से लोग उसे बॉबी कबूतर कहने लगे। वहीं, नेहा 32 साल की है। दिल्ली में वह 'मेकओवर नेहा' नाम से एक ब्यूटी पार्लर चलाती थी। पार्लर की आड़ में वह बॉबी कबूतर और गैंग के कामों में सहयोग देती थी।*

### दिशा पाटनी के घर हमले में भी आया था नाम

पुलिस के मुताबिक, बॉबी कबूतर ने मूसेवाला की हत्या से पहले रूट व लोकेशन आदि जानकारी मुख्य हमलावरों तक पहुंचाई थी। 29 मई 2022 को दिनदहाड़े सिद्धू मूसेवाला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर पर हुए हमले में हथियार सप्लाई करने में भी कबूतर का नाम सामने आया था। जबकि, खुशनुमा अंसारी उर्फ नेहा को ड्रग्स तस्करी और गैंग के अवैध कामों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से ड्रग्स भी मिले हैं। नेहा नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली में एक ब्यूटी पार्लर चलाती थी। दिल्ली पुलिस अब उससे लॉरेंस गैंग और हाशिम बाबा नेटवर्क के बीच ड्रग लिंक के बारे में पूछताछ कर रही है।

## अंबाला में 10 दिन से धरने पर बैठे किसान व पुलिस आमने-सामने

# रिंग रोड का निर्माण रुकवा रहे किसानों के पुलिस ने उखाड़े तंबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

**पांच गांवों के किसान एनएचएआई से मांग रहे खेतों में जाने का रास्ता**

निर्माणाधीन रिंग रोड से खेतों के रास्ते की मांग को लेकर दस दिन से धरने पर बैठे किसानों व पुलिस के बीच वीरवार को झड़प हो गई। इस दौरान पुलिस ने किसानों के तंबू उखाड़ दिए और उनकी कई खाट भी उठा ली। कार्रवाई का विरोध करने वाले किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इस दौरान किसानों ने राज्य सरकार व पुलिस के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी। पुलिस कार्रवाई पर गुस्साए किसानों ने अंबाला- जगाधरी नेशनल हाइवे जाम करने की भी कोशिश की। हालांकि इससे पहले पुलिस ने हाइवे पर मोर्चा संभाल लिया।

किसानों का कहना है कि एनएचएआई से बात भी चल रही थी। हालांकि कोई समझौता नहीं हो सका। रिंग रोड बनने से उनके खेतों को जाने का रास्ता नहीं बचेगा। बरसाती पानी की निकासी में भी दिक्कत होगी। दरअसल वीरवार को 5 गांवों के किसान एनएचएआई के खिलाफ एकजुट होने शुरू हो गए थे। अधिकारियों की ओर से कोई ठोस आश्वासन न मिलने के बाद किसानों ने मशीनों की घेराबंदी शुरू कर दी थी। इसी वजह से स्थिति बिगड़ गई।



**अंबाला।** धरना दे रहे किसानों का तंबू उखाड़ते पुलिस कर्मचारी।

### चढ़ूनी ने मौके पर आकर दी चेतावनी

किसानों के तंबू उखाड़े जाने के बाद धरनास्थल पर भाकियू प्रदेशाध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी भी पहुंच गए। किसानों ने कहा कि कई दिनों से चल रहे धरने से कोई हल न होता देख वीरवार को रिंग रोड निर्माण में लगी मशीनों का घेराव करने का निर्णय लिया था। तभी एनएचएआई ने पुलिस को सूचना दे दी। जनवरी के दूसरे सप्ताह में भी किसानों ने रिंग रोड का काम रुकवा दिया था। चढ़ूनी ने कहा कि किसानों के साथ धक्का नहीं होने देंगे। इससे पहले उन्होंने महापंचायत की घोषणा की थी। सोशल मीडिया पर भी लोगों से मौके पर अधिक से अधिक संख्या में पंचायत में पहुंचने की अपील की जा रही है।



### पांच हाइवे को जोड़ेगा अंबाला रिंग रोड

एनएचएआई की ओर से देश के 5 नेशनल हाईवे को जोड़ने के लिए एक रिंग रोड बनाया जा रहा है। इसका आधे से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। रिंग रोड बनने के बाद अंबाला से चंडीगढ़ हाइवे (एनएच-152), अंबाला से रुड़की हाइवे (एनएच-344), अंबाला-जगाधरी (एनएच-444ए), दिल्ली-अमृतसर (एनएच-44) और अंबाला-हिसार हाइवे (एनएच-65) एक दूसरे से जुड़ जाएंगे। यहां के गांव सपेड़ा व आसपास के 5 गांव के लोग रिंग रोड से खेतों में जाने का रास्ता मांग रहे हैं। इसी को लेकर गांव सपेड़ा के पास 10 दिन पहले धरना शुरू हुआ था। एनएचएआई से वार्ता सिरे न चढ़ने की वजह से किसान घेराव करना चाहते थे।

**अंबाला रेलवे ने टेंडर किया जारी**

### साढ़े 7 करोड़ में रेलवे स्टेशन पर मारेंगे चूहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

**130 कर्मचारी लगेंगे**

**पहले 11 करोड़ का था टेंडर**

अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर चूहों के आतंक से रेलवे अधिकारी बेहद परेशान हैं। रेल की पटरियों व भवनों को चूहों की वजह से हो रहे नुकसान से बचाने के लिए अब इन्हें दवा से मारने की तैयारी हो रही है। इसके लिए रेलवे की ओर से लगभग साढ़े सात करोड़ का ठेका दिया गया है। इसकी निगरानी के लिए टीम गठित की है, जो प्राइवेट एजेंसी की कार्यशैली पर नजर रखेगी। इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को देगी। दरअसल अंबाला कैंट स्टेशन पर चूहों की समस्या काफी पुरानी है। चूहों को पकड़ने के लिए लोहे के पिंजरे लगाए गए थे लेकिन यह योजना कामयाब नहीं हो पाई। इसके बाद चूहों के बिलों को बंद करने के लिए कारीगरों की मदद ली गई, लेकिन चूहों ने दूसरे रास्ते खोदकर प्लेटफार्म पर पहुंचना शुरू कर दिया। इस कारण रेलवे का ढांचा लगातार खोखला हो रहा था। रेलवे ने इस बार तीन वर्ष के लिए टेंडर जारी किया है। इसके लिए लगभग 130 कर्मचारी लगाए गए हैं। रेलवे ने वर्ष 2021 से 25 तक चार वर्ष के लिए भी साफ-सफाई व चूहों को मारने का टेंडर जारी किया था। जोकि लगभग 11 करोड़ रुपये का था।

### नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ पर टीचर को पांच वर्ष कैद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अदालत ने पॉक्सो मामले में आरोपी सूबे सिंह वासी जिला कैथल को 5 साल कठोर कारावास व 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 1 फरवरी 2023 को थाना सदर पिहोवा वासी एक नाबालिग लड़की ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि वह 17 साल की है और एक राजकीय स्कूल में नॉन मेडिकल की छात्रा है। 25 जनवरी 2023 को अध्यापक सूबे सिंह ने उसे स्कूल लैब में बुलाकर अश्लील बातें व हरकत की। उसे असेसमेंट में अच्छे नम्बर दिलाने की बात कही। वह किसी तरह भागकर वहां से आई। प्रिंसिपल रूम में भी उसकी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने घर पर जानकारी दी और पुलिस में केस दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था और अब इस मामले में सजा सुनाई गई।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में स्टोरेज वाटर टैंक नं. 2 से गाद हटाना और मरम्मत तथा क्षतिग्रस्त वॉल का निर्माण। | 18.02.2026 10.03.2026 | 7.47 लाख | https://mdu.ac.in. & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43160/I/88/6 दि. 19.02.26

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | वार्ड नं. 3 (नांगल चौधरी) में मनोज से धारा सिंह खेत और चैकमलिकपुर से गूण तक और सुनील के मकान के सामने और संदीप के मकान के निकट। | बंद होने की तिथि 26.02.2026 | रु.25,49,823/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43181/I/88/6 दि. 19.02.26


**हरियाणा विधानसभा बजट सत्र की आज सुबह 11 बजे से शुरू होगी बैठक**

# भाजपा और कांग्रेस ने लंच पर विधायकों के साथ बनाई बजट सत्र की रणनीति

**भाजपा की ओर से सीएम सैनी ने विधायकों के साथ की चर्चा, कांग्रेस में निता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विधायकों से की बात, नौकरियों में बाहरी को मौका देने, कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाएंगे**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार सुबह 11 बजे शुरू होने जा रहा है। जिसके लिए सत्तापक्ष भाजपा और विपक्ष कांग्रेस की ओर से बैठक कर तैयारी कर ली गई है। एक ओर जहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर मंत्रियों और विधायकों के साथ दोपहर के भोजन के दौरान सत्र की रणनीति तैयार की। वहीं विपक्ष की ओर से नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी चंडीगढ़ में अपनी पार्टी के विधायकों के साथ में दोपहर को भोज देकर लंबी चर्चा कर सत्तापक्ष को घेरने की रणनीति तैयार की है। विपक्ष पहले ही दिन से आक्रामक रहने की तैयारी में है।

पहले राज्यपाल हरियाणा असीम कुमार घोष का अभिभाषण होगा और दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए शोक प्रस्ताव पढ़े जाएंगे। नेता सदन सीएम और नेता विपक्ष के अलावा इनेलो और विस अध्यक्ष की ओर से शोक प्रस्ताव पढ़े जाएंगे। वहीं, बजट सत्र को लेकर इस बार खास सुरक्षा का पहरा रहेगा। इसके लिए अभी से तैयारी कर ली गई है। आए दिन हरियाणा पंजाब सचिवालयों और सरकारी भवनों को बम से उड़ाने की धमकियों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन और विस सुरक्षा अधिकारियों ने खास रणनीति तैयार कर ली है। इस बारे में सीएम हरियाणा नायब सिंह सैनी और आला अफसरों द्वारा राज्यपाल असीम कुमार घोष से औपचारिक मुलाकात कर ली गई है। अधिकारियों ने भी बैठक कर अपनी तैयारियों की समीक्षा की।

### 24 व 25 फरवरी को कांग्रेसी करेंगे प्रदर्शन

अभिभाषण पर कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा विपक्ष की तरफ से शुरुआत करेंगे। बजट पर कांग्रेस विधायक डॉ. रघुवीर कादियान चर्चा में हिस्सा लेंगे। 24 फरवरी को कांग्रेस के सभी विधायक सेक्टर 3 में एकत्रित होंगे। वहां से नारे लगाते हुए विधानसभा सत्र में शिरकत करने जाएंगे। वहीं, राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि 25 फरवरी को प्रदर्शन करते हुए विधानसभा जाएंगे।

### इन मुद्दों पर कांग्रेस ने बनाई रणनीति



नेता विपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बजट सत्र के दौरान सरकार को घेरने वाले मुद्दों को लेकर रणनीति बनाई गई। इस दौरान कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के अलावा कांग्रेस के अधिकांश विधायक शामिल हुए। बैठक के बाद नेता विपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कानून व्यवस्था, फिरौती मांगना, अवैध खनन, बाहरी लोगों को नौकरी दिए जाने के साथ-साथ में हमारे पास बहुत सारे मुद्दे हैं। प्रदेश में ऐसे कई ज्वलंत मुद्दे हैं, जिनके पर कांग्रेस स्थगन प्रस्ताव देकर चर्चा की मांग करेगी। प्रदेश के अंदर बुजुर्गों की पेंशन काटना, खेतों में जलभराव, चंडीगढ़ पर हक का मामला, अवैध माइनिंग, धान घोटाला जैसी अनेक मुद्दे हैं।

### सीआरपीएफ की वर्दी पहन व पुलिस लिखे वाहन में शराब तस्करी करते दो गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की सीआईए-वन ने हुडा सेक्टर-40 की वाहन पार्किंग में पुलिस लिखे नीले रंग के कैंटर को पकड़ा है। इसके अंदर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वर्दी पहने हुए दो युवक थे। पुलिस ने एक्साइज इंस्पेक्टर अरविंद्र डागर की उपस्थिति में कैंटर के अंदर से अंग्रेजी शराब व बीयर की 502 पेटियां बरामद की। इधर, पुलिस की जांच में सीआरपीएफ की वर्दी पहने दोनों युवकों के पास से राजेंद्र सिंह व सुखविंद्र सिंह नाम के सीआरपीएफ के पहचान पत्र मिले। पुलिस की जांच में पता चला कि पानीपत के गांव खोजकीपुर निवासी मोनू पुत्र सत्यपला जो कि राजेंद्र सिंह बन कर व संदीप पुत्र सुखबीर निवासी गांव आट्टा जो कि सुखविंद्र सिंह के नाम से सीआरपीएफ कर्मी बनकर शराब की तस्करी करते थे। दोनों पंजाब के पटियाला से शराब की खेप लेकर बिहार व झारखंड में सप्लाई करने जा रहे थे। वहीं, दोनों आरोपी शराब की बोतलों से बैच नंबर मिटाकर सप्लाई करते थे ताकि पुलिस न पकड़ सके। उन्होंने बताया कि शराब तस्करी की एवज में दोनों आरोपियों को 25-25 हजार रुपये मिलते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट से पांच दिन के रिमांड पर लिया है।


**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
**(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)**
**56-57, इन्स्टीट्युशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली - 110058**

**आयुर्वेद गुरुकुलम् की संबद्धता हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण**

आयुर्वेद गुरुकुलम् के अंतर्गत दो वर्षीय प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम के साथ बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (BAMS) हेतु कुल साढ़े सात वर्ष की अवधि के शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयुर्वेद गुरुकुलों को सम्बद्धता प्रदान की जा रही है। तदनुसार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, भारत सरकार के भारतीय चिकित्सा पद्धत राष्ट्रीय आयोग (NCISM) द्वारा राजपत्र में अधिसूचित विनियमों के अंतर्गत आयुर्वेद गुरुकुलों की सम्बद्धता हेतु योग्य संस्थानों से आवेदन आमंत्रित करता है। आयुर्वेद गुरुकुलों का उद्देश्य सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम एवं BAMS पाठ्यक्रम के अनुरूप आयुर्वेद में पारम्परिक गुरुकुल-आधारित शिक्षा प्रदान करना है।

आयुर्वेद गुरुकुलों में प्रवेश कक्षा 10वीं अथवा समकक्ष उत्तीर्ण छात्रों अखिल भारतीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

इच्छुक संस्थान केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से आयुर्वेद गुरुकुलों की सम्बद्धता हेतु आवेदन कर सकते हैं - https://www.sanskrit.nic.in/ayurveda_gurukulam.php विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता मानदंड एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें: www.sanskrit.nic.in

दिनांक: 09.02.2026

हस्ता/-
कुलसचिव

CBC 21212/12/0005/2526



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 37 दिनांक 15.02.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना राई जिला सोनीपत ।

गुमशुदा की पहचान

नामः रुबी।
पिता का नामः रामचन्द्र ।
पता - वासी गाँव भवाना जिला सीतापुर यू०पी० हाल किराएदार गाँव लिवान कुण्डली सोनीपत ।
उम्र-19/20 वर्ष
कद-5 फुट ।
हुलिया- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, लम्बी नाक, पतला शरीर है।
पहनावा पीले रंग का टी-शर्ट, ग्रे रंग की जीन्स, पैरों में चप्पल पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 14.02.2026 को रुबी पुत्री रामचन्द्र वासी गाँव भवाना जिला सीतापुर यू०पी० हाल किराएदार गाँव लिवान कुण्डली सोनीपत बिना किसी को कुछ भी बताए घर से कही चली गयी है। अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना 7419410561
अनुसंधानकर्ता मो0 न0-9466627165
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच 1084/11/4488/2026/43158/88/6 दि. 19.02.2026



**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में फतेहाबाद में ज्यूडीशियल कॉलोनी के 10 अदद 770 वर्गफुट आवासों की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | 18.02.2026 25.02.2026 | 63.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में गांव भाटोल जाट्टान में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का पुनर्निर्माण (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | 18.02.2026 24.02.2026 | 51.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी - गांव हस्सनपुरा ब्लॉक नारायणगढ़, जिला अम्बाला में बीसी चौपाल के लिए हॉल का निर्माण। | 18.02.2026 24.02.2026 | 11.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज करनाल | बीबीपुर जाट्टान - गांव बीबीपुर जाट्टान में सैनी चौपाल का निर्माण, वीएएनजीवाई स्कीम + 1 कार्य। | 17.02.2026 26.02.2026 | 37.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | बाबा सैयद जोहड़ी से 316450/एल जेएलएन फीडर तक अकेहड़ी मदनपुर पाइप लाइन लिंक ड्रेन नं. 2 (भूमिगत एचडीपीई पाइप लाइन) का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.02.2026 | 207.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | जल सेवाएं मंडल नरवाना से सम्बन्धित एचडीपीई पाइप 200 मिमी (2500 पाइप्स और 1500 पाइप्स) की आपूर्ति + 1 अन्य कार्य। | 19.02.2026 05.03.2026 | 149.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरएलआई डिवीजन झज्जर द्वारा डाली गई मौजूदा आरसीसी पाइप लाइन के साथ जोड़ने के लिए गांव हुमांयुपुर जिला झज्जर के खेतों के नीचे पड़ने वाले क्षेत्र से बाढ़ के पानी को निकालने के लिए भूमि एचडीपीई पाइप लाइन 355 मिमी डाया आरडी 0 से 3260 तक बिछाना। | बंद होने की तिथि 23.02.2026 | 40.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा झज्जर | लोहारू फीडर के अंदर 1-आर दुबलधन माइनर और दुबलधन माइनर से 900 मिमी डाया आरसीसी पाइप लाइन बिछाना + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.02.2026 | 511.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050805156 xenjwsdnjjr@rediffmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | कतलुपुर और लुहारीटिब्बा स्थायी पम्प हाउस पर उपयुक्त मोटर्स, स्टार्टर, डिलीवरी और अन्य सम्बद्ध एक्सेसरीज के साथ-साथ 4 अदद 5 सीएस और एक्सियल वर्टिकल टरबाईन पम्प्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु आकलन (बाढ़ कार्य) और 3 अन्य। | बंद होने की तिथि 26.02.2026 | 270.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813232636 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 10 | जिला परिषद पानीपत | गांव काबरी ब्लॉक पानीपत में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 17.02.2026 09.03.2026 | 409.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7027133058 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 11 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार में डीजल जनरेटर सैट्स समेत विद्युत, अग्निशमन सेवाओं के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध हेतु निविदा। | 20.02.2026 16.03.2026 | ईएमडी 4.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 172282007 tendergmcmewat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/220/43164/I/88/6 दि. 19.02.26

डीजीसीए ने पेश किया सख्त नियमों का प्रस्ताव

# विमान में बदसलूकी करने वाले यात्रियों की अब खैर नहीं, लगेगा 30 दिन का बैन!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अभद्र व्यवहार करने वाले यात्रियों से निपटने के लिए सख्त नियमों का प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें विमानन कंपनियों को ऐसे यात्रियों पर 30 दिन तक के लिए उड़ान प्रतिबंध लगाने की अनुमति देना भी शामिल है।*

विमानन नियामक ने संशोधित मसौदा नियमावली में कहा कि विमान/व्यक्तियों/संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उड़ानों में अनुशासन बनाए रखने के लिए 'कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति' अपनाई गई है।

डीजीसीए ने कहा कि विमान, यात्रियों और संपत्ति की सुरक्षा के लिए नो/जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। प्रस्ताव के अनुसार, हर एयरलाइन को बदसलूकी की घटनाओं से निपटने और उनकी रिपोर्टिंग के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाना होगा। हालांकि, आमतौर पर एक स्वतंत्र समिति, जिसमें दूसरी एयरलाइन का प्रतिनिधि भी शामिल होगा, उड़ान प्रतिबंध पर फैसला करेगी। लेकिन कुछ गंभीर मामलों में एयरलाइन सीधे 30 दिन का बैन लगा सकेगी।

विमान, यात्रियों और संपत्ति की सुरक्षा के लिए नो/जीरो टॉलरेंस नीति

अनुशासनहीन यात्रियों की श्रेणी में किया वर्गीकृत



### डाला जा सकता है नो-फ्लाई लिस्ट में

*हर श्रेणी के अनुसार उड़ान पर अलग-अलग अवधि का प्रतिबंध लगाया जाएगा। दोषी यात्रियों को नो-फ्लाई लिस्ट में डाला जा सकता है। ड्राफ्ट नियमों के तहत एयरलाइंस को ऐसे यात्रियों का पूरा रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होगा। यह रिकॉर्ड डीजीसीए के साथ साझा किया जाएगा। हालांकि संबंधित जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी। डीजीसीए का मानना है कि इन नियमों का उद्देश्य यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और हवाई यात्रा को सुरक्षित व सुविधाजनक बनाना है। रिकॉर्ड में शामिल होंगे: नाम, संपर्क विवरण, पहचान पत्र, घटना का विवरण और प्रतिबंध अवधि।*

### ड्रॉफ्ट पर मांगे गए 16 मार्च तक सुझाव

नए प्रावधानों को लेकर जारी ड्रॉफ्ट पर 16 मार्च तक संबंधित पक्षों और लोगों से सुझाव मांगे गए हैं। जीरो-टॉलरेंस पॉलिसी के तहत जारी प्रावधानों के हिसाब से अनुशासनहीनता में चालक दल से बदसलूकी, शराब के नशे में हंगामा, मारपीट, नियमों का उल्लंघन, नारेबाजी और सुरक्षा में बाधा डालना शामिल है। इसके अलावा इमरजेंसी एग्जिट से छेड़छाड़ या लाइफ जैकेट जैसे सुरक्षा उपकरणों का गलत इस्तेमाल शामिल है। मौजूदा नियमों के तहत समिति के फैसले तक 45 दिन का अस्थायी बैन लगाया जा सकता है, जो नए प्रस्ताव में भी जारी रहेगा। अपराध की गंभीरता के आधार पर तीन महीने से लेकर दो साल या उससे अधिक समय तक प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

### एयरलाइंस के लिए एसओपी अनिवार्य

प्रस्तावित नियमों के मुताबिक, हर एयरलाइन को बदसलूकी की घटनाओं से निपटने और उनकी रिपोर्ट डीजीसीए को भेजने के लिए एक स्पष्ट स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर यानी एसओपी तैयार कर उसे लागू करना होगा। यह एसओपी सभी संबंधित हितधारकों के साथ साझा करना भी अनिवार्य होगा। उड़ान प्रतिबंध पर आखिर फैसला के लिए एयरलाइन एक स्वतंत्र समिति गठित करेगी, जिसमें किसी अन्य एयरलाइन का प्रतिनिधि भी शामिल होगा। हालांकि, कुछ विशेष मामलों में एयरलाइन बिना समिति की मंजूरी के सीधे 30 दिनों तक का बैन लगा सकेगी।

### अनुशासनहीन यात्रियों की चार श्रेणियां

- श्रेणी 1 : मौखिक दुर्व्यवहार- अधिकतम 3 महीने का प्रतिबंध
- श्रेणी 2 : शारीरिक हिंसा- अधिकतम 6 महीने का प्रतिबंध
- श्रेणी 3 : जानलेवा हरकतें - 2 साल या उससे अधिक का प्रतिबंध संभव
- श्रेणी 4 : कॉकपिट में घुसने की कोशिश जैसे गंभीर मामले- 2 साल या उससे अधिक का प्रतिबंध संभव

### बनेगी तीन सदस्यीय समिति

नए प्रावधान के तहत तीन सदस्यों की एक समिति बनाई जाएगी। सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (अध्यक्ष) एयरलाइंस के प्रतिनिधि (सदस्य) और उपभोक्ता संगठन/यात्री संघ के प्रतिनिधि या सेवानिवृत्त अधिकारी (सदस्य) शामिल होंगे। यात्री को अधिकार होगा कि वह नोटिस प्राप्त स्थिति में 60 दिन के अंदर समिति के समक्ष अपील कर सकता है।

# सीजेआई ने सुनवाई को तारीख तय की 5 मई से सीएए पर लगातार सुनवाई

## 12 मई को याचिकाकर्ताओं को जवाब देने का मौका मिलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**सीएए पर 250 अन्य अर्जी भी दायर**

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ दायर विभिन्न याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट 5 मई से सुनवाई शुरू करेगा। सीजेआई सूर्यकांत ने दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिए तारीख तय की। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) सहित 250 अन्य ने सीएए कानून पर रोक की मांग को लेकर याचिका दायर की है। आईयूएमएल ने कहा है कि सीएए कानून असंवैधानिक और मुसलमानों के खिलाफ भेदभावपूर्ण है।

### दोनों पक्षों को पूरा मौका दिया जाएगा



याचिकाओं पर अब फाइनल सुनवाई 5 मई से शुरू करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 5 मई को याचिकाकर्ताओं की दलील सुनी जाएगी। 6 मई को आधा दिन उनकी बात जारी रहेगी। 7 मई को सरकार का पक्ष सुना जाएगा। 12 मई को अगर जरूरत हुई तो जवाब देने का मौका मिलेगा।

**असम त्रिपुरा पर अलग होगी सुनवाई**

कोर्ट ने कहा कि असम और त्रिपुरा से जुड़े मामले अलग हैं, इसलिए इनकी सुनवाई मुख्य मामले के बाद अलग से की जाएगी। कोर्ट का कहना है कि इन राज्यों से जुड़े मुद्दे अलग तरह के हैं, इसलिए उन्हें अलग सुनना सही रहेगा।

## 101 बटुकों का पूजन करने से नहीं धुलेगा मेले का पाप

**वाराणसी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा 101 बटुकों को घर पर बुलाकर अंगवस्त्रम और तिलक लगाकर पैर छूकर सम्मान करने पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि उन्होंने ये करके अपनी भावना दिखाई है और जताया कि जो प्रयागराज में हुआ वह पाप था उसको धोने के लिए मैं अपना प्रयास कर रहा हूं। इससे प्रयागराज में घटना का पाप नहीं धुल सकता है। 101 बटुकों पर पुष्पवर्षा कर और तिलक कर सम्मानित करना कोई कार्रवाई नहीं है, ये राजनीति है। जो वास्तविक पीड़ित है, जिस बटुक की चोटी खींची गई उसके पास जाते कि अपने पसंद के बटुक बुला लिए और चंदन लगा दिए। ये राजनीति नहीं है। 20 दिन का अल्टीमेटम 1 मार्च को पूरा होगा रहा है। इस दिन लखनऊ जाएंगे और वहीं जांच के बाद जो निष्कर्ष निकलेगा वही घोषित करेंगे।



## भोपाल में हैवान बना डॉग लवर...पति ने साथी के साथ मिलकर दो महिलाओं को तलवार मारी

**भोपाल।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित श्रवणकांता कॉलोनी में आवारा कुत्तों को नगर निगम की टीम से पकड़वाने की बात पर बुधवार रात डॉग लवर मां-बेटी का दो महिलाओं से विवाद हो गया। कुछ देर तक चला विवाद थम गया, लेकिन अगले ही दिन गुरुवार सुबह डॉग लवर महिला का पति अपने साथी के साथ रात के विवाद की बात लेकर महिलाओं के घर के सामने तलवार लेकर पहुंच गया। घर के सामने गाली-गलौज करने लगा। महिलाएं विरोध करने लगीं तो विवाद बढ़ गया और आरोपी ने महिलाओं पर तलवार से हमला कर दिया। इस हमले में एक महिला को पेट पर जबकि दूसरी महिला को हाथ में गंभीर चोट आई है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर और उसके साथी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। घटना का पूरा वीडियो कॉलोनी के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।



अजित पवार के बेटे ने भी उठाए सवाल

## ब्लैक बॉक्स कैसे नष्ट हो सकता हैं?

**मुंबई।** पिछले दिनों महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी चीफ मिनिस्टर अजित पवार की एक प्लेन हादसे में मौत हो गई। अब इस हादसे पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। अजित के छोटे बेटे जय पवार ने बुधवार को उन 'संभव गंभीर कमियों' की पूरी जांच की मांग की है, जिनकी वजह से यह हादसा हुआ. उन्होंने कहा कि एयरक्राफ्ट का ब्लैक बॉक्स आसानी से खराब या नष्ट नहीं हो सकता। जय पवार ने वीएसआर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड पर भी बैन लगाने की मांग की, जो एविएशन कंपनी है और जिसने 28 जनवरी को बारामती एयरस्ट्रिप के पास क्रैश हुए दुर्भाग्यपूर्ण लियरजेट 45एक्सआर प्लेन को ऑपरेट किया था। पवार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'ब्लैक बॉक्स आसानी से खराब नहीं हो सकता। महाराष्ट्र के लोगों को क्रैश का साफ और पूरा सच जानने का हक है।'

बांग्लादेश से सुधरने लगे रिश्ते

## भारत खोलेगा अपने सभी वीजा सेंटर

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में तारिक रहमान की नई सरकार के आते ही दिल्ली और ढाका के बीच संबंध सुधरते दिख रहे हैं। बांग्लादेश में एक शीर्ष भारतीय राजनयिक ने कहा कि भारत जल्द ही बांग्लादेश में सभी वीजा सेवाएं बहाल कर देगा। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिलहट में भारत के सीनियर कांसुलर अधिकारी अनिरुद्ध दास ने कहा कि सभी वीजा सेवाओं को पूरी तरह से बहाल करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट में दास के हवाले से कहा गया है कि फिलहाल मेडिकल और डबल-एंट्री वीजा जारी किए जा रहे हैं। और ट्रेवल वीजा समेत दूसरी कैटेगरी के वीजा फिर से शुरू करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। एक दूसरी मीडिया रिपोर्ट में दास के हवाले से लिखा गया है कि 'भारत-बांग्लादेश संबंध आपसी सम्मान पर आधारित हैं।'

मचा हड़कंप

## धमतरी में 35 बच्चों ने काटी कलाई

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के एक स्कूल में 35 बच्चों द्वारा अपनी कलाई काटने का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। दहदहा स्थित मिडिल स्कूल के अलग-अलग कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी कलाई काट ली थी। घटना 20 दिन पुरानी बताई जा रही है। बच्चों के अभिभावकों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने इसे पंचायत में उठाया। इसके बाद प्रशासन की टीम ने स्कूल में पहुंचकर बच्चों से बात भी की थी। पंचायत प्रतिनिधियों और स्कूल प्रबंधन को लगता है कि बच्चों ने एक-दूसरे को देखकर अपनी कलाई काटी थी। इस मामले की जांच की जा रही है। कुरुद ब्लॉक के ग्राम दहदहा के शासकीय माध्यमिक स्कूल के 35 विद्यार्थियों के कलाई काटने के मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नाराजगी जताई है। पदाधिकारियों ने डीईओ कार्यालय पहुंचकर सहायक संचालक आर एन मिश्रा को ज्ञापन सौंप कर विशेष कमेटी बनाकर जांच की मांग की है।

## बाइक व 3 लाख नहीं दिए तो बिना शादी दूल्हा लौटा

**नर्मदापुरम।** यहां एक बारात भोपाल के करोंद से आई। यहां शादी की रस्म के पहले दूल्हे ने तीन लाख रुपए और बाइक मांगी। दहेज देने से लड़की वालों ने मना कर दिया तो दूल्हा मनीष ढोढिया बिना शादी किए बारात लेकर वापस लौट गया। इसके बाद भी लड़की के जीवन को देखते हुए लड़की के परिजनों ने सोचा कि दूल्हे वालों को मना लेंगे लेकिन कोई नहीं माना।







10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 28 फरवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana:** Mahadev BAJAJ 8222949408 • **Panipat:** SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • **Kaithal:** Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • **Bahadurgarh:** BABA BAJAJ 9215455501/03 • **Faridabad: NIT,Railway Road:-** GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City:** GOYAL BAJAJ 9781111000• **Ambala Cantt:** Goyal Bajaj 9053016401 • **KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa:** RAJINDERA BAJAJ 9729670800• **Jagadhri:** KRISHNA BAJAJ 9812031611 • **Yamuna Nagar:** KRISHNA BAJAJ 9813445102 • **Panchkula:** PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • **Hansi:** BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • **Sirsa:** RAJA BAJAJ 9996027379 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • **Charki Dadri:** BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • **Fatehabad:** FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Narnaul:** RR BAJAJ 9466320249 • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •**Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830.**

भूपेन की दो टूक और कटु टिप्पणी

# राहुल अपमानित महसूस कर रहे तो मेरे अपमान का क्या मोल?

## असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोरा बोले- ऐसा अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकते

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा ने गुरुवार को कहा कि जब उन्होंने पार्टी में अपने अपमान का मुद्दा राहुल गांधी के साथ उठाया, तो राहुल गांधी ने उनसे कहा कि उन्हें भी अपमानित महसूस होता है। असम में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को सोमवार को तब एक झटका लगा जब बोरा ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि वह इस तरह का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकते। बोरा के 22 फरवरी को भाजपा में शामिल होने की संभावना है। बोरा ने राहुल द्वारा उन्हें फोन करने पर दोनों के बीच हुई बातचीत का उल्लेख करते हुए कहा कि मैंने राहुल से कहा था कि मैं पार्टी में अपमानित महसूस कर रहा हूं और फिर उन्होंने कहा कि उन्हें भी अपमानित महसूस हो रहा है तो फिर मेरे अपमान का क्या मूल्य है? मैं इतना अपमान सहन नहीं कर सकता, क्योंकि मुझमें इतनी क्षमता नहीं है।

### गोगोई जी...अत्याधुनिक स्टेडियम बनाने के लिए 50 करोड़ रुपए नाकाफी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई के उस आरोप पर कि उन्होंने भाजपा में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से 50 करोड़ रुपए लिए हैं, बोरा ने कहा कि अगर उन्हें पैसे की पेशकश की जाती है, तो वे इसे मीडिया के सामने स्वीकार कर लेंगे। मेरे पिता का स्टेडियम सपना इतनी सी रकम में पूरा नहीं होने वाला है।


भूपेन बोरा


राहुल गांधी

### गोगोई ने गठबंधन इसलिए तोड़ा कि वे सीएम नहीं बन पाएंगे

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी के केंद्रीय नेताओं से बात की है और फिर मुझे भाजपा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस्तीफे के बाद अब मैं कहीं भी सक्रिय नहीं हूं, इसलिए मैंने भाजपा में शामिल होने के लिए सहमति दे दी। उन्होंने दोहराया कि उस दिन की मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ किसी भी राजनीतिक मुद्दे पर चर्चा नहीं की।

**गोगोई को गठबंधन से अपने अस्तित्व का खतरा**

उन्होंने कहा कि जब मुझे 9 फरवरी को गठबंधन को फिर से आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई थी, तो बातचीत में धुबरी सांसद रकीबुल हुसैन को शामिल करने का क्या मतलब था? गोगोई को शायद लगा कि अगर गठबंधन हो जाता है, तो भूपेन सब कुछ सौहार्दपूर्ण ढंग से करेंगे और उसे प्रियंका गांधी वाद्रा के सामने रखेंगे, जिससे उनके अस्तित्व को खतरा होगा।

### मैंने ही 16 दलों को एकजुट किया

बोरा ने आरोप लगाया कि नागांव के सांसद प्रद्युत बारदोलोई और विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया को भी पार्टी में अपमानित किया गया, लेकिन अब गोगोई 'उनके घावों को भरने की कोशिश करेंगे। बोरा ने कहा कि जब उन्होंने 2021 में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार संभाला था, तब स्थिति बहुत गंभीर थी,तब मैंने 16 विपक्षी दलों का गठबंधन बनाने की पहल की थी।

स्पीकर के एआई वीडियो पर बवाल

## कांग्रेस मीडिया सेल नोटिस का तीन दिन में दे जवाब वरना होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के एआई वीडियो के आरोप में विशेषाधिकार विभाग ने कांग्रेस मीडिया सेल को नोटिस जारी किया है। नोटिस सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने दिया है। नोटिस में 3 दिन में नेताओं के अपना जवाब देने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा अवमानना, विशेषाधिकार उल्लंघन की कार्रवाई होगी। वीडियो में राहुल की प्रशंसा करते दिखाया गया था कि 'भाजपा डूब जाएगी'।


विष्णुदत्त शर्मा


सुप्रिया श्रीनेत

### कांग्रेस पर आरोप

इन नेताओं पर एक्स पर स्पीकर का अपमानजनक कैरिकेचर और एआई वीडियो प्रसारित कर सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने का गंभीर आरोप है। शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के मीडिया विभाग ने जानबूझकर ऐसा किया।

## खबर संक्षेप

### शिवनेरी किले में अफरा तफरी, कई लोग घायल



**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर आज पूरा महाराष्ट्र 'जय भवानी, जय शिवाजी' के नारों से गूंज रहा है। पुणे जिले में उत्साह और श्रद्धा के माहौल के बीच एक दुखद घटना सामने आई है। जुन्नर स्थित शिवनेरी किला बुधवार, 19 फरवरी को श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था।

### पिता ने की पत्नी और 2 बच्चों की हत्या

**जालौर।** राजस्थान के जालौर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी। यह वारदात बुधवार देर रात की है। यह घटना भीनमाल थाना क्षेत्र के दासपा गांव में हुई। आरोपी की पहचान 40 वर्षीय मंगला राम पुरोहित के रूप में हुई है, जो पेशे से किसान है।

आईपैक विवाद में ईडी का सुप्रीम कोर्ट में विस्फोटक हलफनामा

# ममता सरकार पर लगाए सबूतों से छेड़छाड़ के गंभीर आरोप, सीबीआई जांच की मांग

ईडी ने ममता पर निशाना साधते हुए आरोप लगाए कि डिजिटल साक्ष्यों से छेड़छाड़ हुई है। हलफनामे में सुप्रीम कोर्ट से कहा कि बंगाल में 'कानूनहीनता' है। निष्पक्ष जांच को मामलै सीबीआई को सौंपें जाए।

*आईपीएसी दफ्तर से हटाया गया सीसीटीवी स्टोरेज*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बंगाल चुनाव से पहले सियासी पारा बढ़ता नज़र आ रहा है। बंगाल में हुई आईपैक रेड विवाद में सुप्रीम कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने हलफनामा दाखिल कर दिया है। इस एफिडेविट में पश्चिम बंगाल सरकार और मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। एजेंसी का दावा है कि जांच में रुकावट डालने के लिए प्रभाव, पावर और जेड प्लस सिक्यॉरिटी का गलत इस्तेमाल किया गया। ईडी ने सीधे ममता पर निशाना साधते हुए आरोप लगाए हैं कि डिजिटल साक्ष्यों से छेड़छाड़ हुई है। ईडी ने हलफनामे में सुप्रीम कोर्ट से कहा कि पश्चिम बंगाल में 'कानूनहीनता' है और निष्पक्ष जांच के लिए इस मामले को सीबीआई को सौंपा जाए। डिजिटल साक्ष्यों को लेकर ईडी ने सबसे बड़ा आरोप ममता सरकार पर लगाया है। हलफनामे में ईडी ने कहा है कि आईपैक के दफ्तर में कंप्यूटर डेटा का बैकअप लेने से रोका गया। सीसीटीवी स्टोरेज के डिवाइस हटा दिए गए और जांच से पहले ही रिकॉर्ड्स से छेड़छाड़ की गई।

**जांच में बाधा डालने हर हथकंडे अपनाए**

प्रभाव, पावर और जेड प्लस सिक्यॉरिटी का गलत इस्तेमाल किया


छापेमारी के दौरान खास फाइल ले जातीं सीएम ममता बेनर्जी

**सीएम की सुरक्षा से बनाया गया दबाव**

ईडी नेआरोप लगाया है कि सीएम ममत की जेड प्लस सिक्यॉरिटी का इस्तेमाल करके जांच एजेंसियों और गवाहों पर दबाव बनाया गया। ईडी ने सवाल किया कि जेड प्लस सुरक्षा किसी व्यक्ति की जानमाल की सिक्यॉरिटी के लिए दी जाती है। अगर इसका इस्तेमाल जांच पर असर डालने या एजेंसियों को डराने-धमकाने के लिए हो तो यह इस पद के दुरुपयोग है।

### कोलकाता में आईपीएसी से जुड़ी थी रेड

हलफनामे में साफ किया है कि कोलकाता में की गई रेड आईपीएसी से जुड़ी थी। यह रेड टीएमसी से जुड़े किसी डेटा को लेकर नहीं थी। आईपैक पर कोल स्मगलिंग के तहत हवाला के 20 करोड़ (प्रोसीड ऑफ क्राइम) मिलने से जुड़ा हुआ है। ईडी ने कहा कि इस मामले में सरकारी काम में बाधा डालने, साक्ष्यों की चोरी, ट्रेस पासिंग, अधिकारों का दुरुपयोग है। जैसे अपराधों में मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

हाईकोर्ट ने 42 विधायकों को भेजा नोटिस

## नामांकन में 'सही तथ्य' छिपाने का आरोप,पक्ष-विपक्ष के नेता शामिल

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार विधानसभा के 42 विधायकों को पटना हाईकोर्ट ने नोटिस भेजा है। इनमें पक्ष और विपक्ष दोनों के विधायक शामिल हैं। आरोप है कि इन लोगों ने नामांकन के दौरान जो शपथ पत्र भरे थे, उनमें कई तथ्य छिपाए। कुछ विधायकों पर वोटिंग प्रक्रिया में अनियमितता का भी आरोप लगाया गया है। कुछ माह पहले चुनाव हारने वालों प्रत्याशियों ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं, जिन पर कोर्ट ने अलग-अलग सुनवाई करते हुए लिखित जवाब देने को कहा है।

### सूची में इन नेताओं का भी नाम

चौंकाने वाली बात यह है कि सूची में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार का भी नाम है। इनके अलावा मंत्री विजेंद्र यादव, पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा, जदयू विधायक चेतन आनंद, राजद विधायक अमरेंद्र प्रसाद समेत 42 विधायक शामिल हैं। कोर्ट की ओर से कहा गया है कि नामांकन के दौरान दाखिल किया गया शपथपत्र लोकतांत्रिक व्यवस्था का अहम हिस्सा है। वोटर्स को प्रत्याशियों की पृष्ठभूमि, संपत्ति और अन्य विवरणों की सही जानकारी मिलनी चाहिए।

## मंदिरों व प्रबंधन से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ बढ़ते केस चिंताजनक

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बुधवार को हरिद्वार स्थित चंडी देवी मंदिर के मुख्य पुजारी के खिलाफ लगे आपराधिक आरोपों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। न्यायालय में दायर विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने कहा कि मंदिरों और आश्रमों के प्रबंधन से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ बढ़ते मामलों की संख्या चिंताजनक है तथा धार्मिक संस्था की गरिमा को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती है। न्यायालय ने टिप्पणी की कि अगर धार्मिक स्थानों से जुड़े पदाधिकारी सहवासी संबंध, घरेलू विवादों और छेड़छाड़ जैसे आरोपों का सामना कर रहे हैं तो स्थिति वास्तव में गंभीर है।


श्री धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार महोत्सव का आयोजन

| | सांगी | सांग | प्रणाली |
|---|---|---|---|
| | | 23.02.2026 | |
| 1. | नेरन पुत्र नफे सिंह | वीर विक्रमाजीत | धनपत और मांगे राम |
| 2. | राजेश कुमार पुत्र साधु राम | हीर-रांझा | धनपत सिंह |
| 3. | राजपाल पुत्र भरथू | राजा नल दमयन्ती | धनपत सिंह |
| 4. | आजाद सिंह पुत्र हरक राम | पिंगला भरथरी | मास्टर जयकिशन शर्मा |
| | | 24.02.2026 | |
| 5. | कुलदीप पुत्र बुन्दुराम | हीरामल्ल जमाल | मेनपाल, धनपत सिंह |
| 6. | संजय पुत्र मजीद सिंह | जानी चोर | समुन्द्र लाल |
| 7. | सुभाष पुत्र छबीला | बणदेवी | सूबे लाल |
| 8. | सतपाल पुत्र लीलू राम | गोपी चन्द | धनपत सिंह |
| 9. | नितिन कुमार पुत्र साहब सिंह | चन्द्रप्रभा मदनपाल | प्यारे लाल |
| | | 25.02.2026 | |
| 10. | समन्दर पुत्र दीवान सिंह | लीलो चमन | धनपत सिंह |
| 11. | कृष्ण लाल पुत्र लीलू राम | बणदेवी | धनपत सिंह |
| 12. | कृष्ण कुमार पुत्र प्यारे लाल | पिंगला भरथरी | धनपत सिंह |
| 13. | स्वामी कर्ण सिंह पुत्र चन्दगी राम | शाही लकड़हारा | प. लखमी चंद |
| 14. | वेद प्रकाश अत्री पुत्र गंगा बिशन अत्री | दुष्यंत शकुंतला | प. लखमी चंद |
| | | 26.02.2026 | |
| 15. | सोनू पुत्र धर्मबीर | बणदेवी | धनपत सिंह |
| 16. | उस्मान पुत्र किताब सिंह | राजा नल दमयन्ती | सूरज भान |
| 17. | इन्द्र सिंह पुत्र पाला राम | हीरा मल्ल जमाल | धनपत सिंह |
| 18. | राजेश कुमार पुत्र मेनपाल | गोपी चन्द | धनपत सिंह |
| 19. | रतन भारती पुत्र नवाब भारती | सेठ ताराचन्द | प. जयनारायण |
| | | 27.02.2026 | |
| 20. | रामशरण पुत्र राम किशन | धर्म की जीत | सांगी राम किशन व्यास |
| 21. | राजेंद्र सिंह पुत्र जियालाल सांगी | बणदेवी | धनपत सिंह |
| 22. | रमेश कुमार पुत्र जय सिंह | धर्म की जीत | पाले राम |
| 23. | बाबू लाल पुत्र शिव कुमार | राजा उत्तानपाद ध्रुव का जन्म | मांगे राम |
| 24. | विष्णुदत्त पुत्र प. तुले राम | विराट पर्व | प. लखमीचंद |

हरियाणा सरकार

सूचना, लोक संपर्क एवं भाषा विभाग
द्वारा
श्री धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार
के उपलक्ष्य में

सांग महोत्सव

23 से 27 फरवरी, 2026
प्रातः 11:00 बजे से

कलाकृति भवन, हरियाणा कला परिषद् , नज़दीक ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र



सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

## चिंतन

# सिर्फ जरूरतमंदों को ही मिले सरकारी मदद

देश में बढ़ते "फ्रीबीज कल्चर" पर एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए राज्य सरकारों को स्पष्ट संदेश दिया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में गरीब और वंचित तबकों तक ही सीमित होना चाहिए। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी भले नई न हो, लेकिन इसके निहितार्थ बेहद गंभीर हैं। जब कल्याणकारी योजनाएं राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का औजार बन जाएं और आर्थिक विवेक पीछे छुट जाए, तब राज्य के विकास पर दीर्घकालिक असर पड़ना तय है। अदालत ने यह टिप्पणी उस याचिका की सुनवाई के दौरान की, जिसमें आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव दिया गया था। प्रश्न यह नहीं है कि गरीबों की मदद की जाए या नहीं, निस्संदेह की जानी चाहिए। प्रश्न यह है कि क्या बिना किसी भेद के, भुगतान करने में सक्षम लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देना न्यायसंगत और आर्थिक रूप से टिकाऊ है? कल्याण और तुष्टीकरण के बीच की रेखा बहुत पतली होती है और उसे पहचानना सरकारों की जिम्मेदारी है। भारत जैसे विकासशील देश में संसाधन सीमित हैं। अधिकांश राज्य पहले से ही राजस्व घाटे से जूझ रहे हैं। ऐसे में यदि सरकारों का बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतन और मुफ्त राशन/बिजली जैसी योजनाओं पर ही खर्च हो जाए, तो बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन जैसी प्राथमिकताएं पीछे छूट जाती हैं। अदालत की यह चिंता वाजिब है कि विकास परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं, जबकि चुनावी मौसम में नई-नई घोषणाएं हो जाती हैं। अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता को दांव पर लगाना दूरदर्शिता नहीं कहा जा सकता। लोकलुभावन वादों का आकर्षण हर लोकतंत्र में रहता है। चुनाव के आसपास मुफ्त योजनाओं की बाढ़ आना भी कोई अनोखी बात नहीं, लेकिन क्या यह स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा है? यदि नागरिकों को यह संदेश जाए कि राज्य हर जरूरत खाना, बिजली, गैस बिना शर्त उपलब्ध कराएगा तो काम और उद्यमिता के प्रति प्रेरणा पर भी असर पड़ सकता है। आत्मसम्मान और स्वावलंबन किसी भी समाज की बुनियाद होते हैं। सरकार का दायित्व अवसर पैदा करना है। रोजगार, कौशल विकास, उद्यम के लिए अनुकूल माहौल बनाना, न कि स्थायी निर्भरता की संस्कृति विकसित करना। यह भी सच है कि भारत में अभी भी बड़ी आबादी ऐसी है जो बिजली का बिल, रसोई गैस या जरूरी राशन का खर्च वहन करने में असमर्थ है। उनके लिए लक्षित और पारदर्शी सहायता अनिवार्य है। तकनीक और डेटा के इस युग में आय, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और जरूरत के आधार पर लाभार्थियों की पहचान करना संभव है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और आधार-लिंक्ड प्रणालियों ने यह क्षमता बढ़ाई है कि सहायता सही हाथों तक पहुंचे। ऐसे में सभी को मुफ्त की नीति प्रशासनिक सुविधा का बहाना तो हो सकती है, आर्थिक विवेक का नहीं। समस्या यह है कि एक बार मुफ्त योजना शुरू हो जाए तो उसे वापस लेना राजनीतिक रूप से बेहद कठिन हो जाता है। परिणामस्वरूप राजकोषीय बोझ बढ़ता जाता है और भविष्य की पीढ़ियों पर कर्ज का दबाव बढ़ता है। संतुलन ही समाधान है, न कठोर कटौती, न असीमित उदारता। सरकारों को लोकप्रियता से अधिक प्राथमिकता वित्तीय अनुशासन और समावेशी विकास को देनी होगी। तभी सरकारी मदद वास्तव में उन तक पहुंचेगी, जिन्हें उसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।



कूटनीति
अरविंद जयतिलक

# सामरिक संबंधों को धार देते भारत-फ्रांस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समेत कई अहम मुद्दों पर सहमति रेखांकित करता है कि दोनों देश संबंधों की ऊंची उड़ान भरने को तैयार हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के हर रूप-स्वरूप को जड़ से मिटाने की वकालत के साथ यूक्रेन, मध्य-पूर्व, और इंडो-पैसेफिक क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के परिप्रेक्ष्य में कंधा जोड़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। दोनों देशों ने 21 अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें रिमोटली एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन की शुरुआत बेहद महत्वपूर्ण है।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समेत कई अहम मुद्दों पर सहमति रेखांकित करता है कि दोनों देश संबंधों की ऊंची उड़ान भरने को तैयार हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के हर रूप-स्वरूप को जड़ से मिटाने की वकालत के साथ यूक्रेन, मध्य-पूर्व, और इंडो-पैसेफिक क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के परिप्रेक्ष्य में कंधा जोड़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। दोनों देशों ने 21 अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें रिमोटली एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन की शुरुआत बेहद महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन शुरू की गई है।

एच-125 इतिहास का एकमात्र हेलीकॉप्टर है जो माउंट एवरेस्ट की चोटी पर उतर चुका है। ध्यान देना होगा कि 'मेड इन इंडिया' एच-125 हेलीकॉप्टर मात्र सिविल हेलीकॉप्टर नहीं है, बल्कि यह भारतीय सेनाओं की जरूरतें भी पूरी करेगा। इससे भारत की सामरिक रक्षा पंक्ति मजबूत होगी। इसके अलावा फ्रांस की साफरान और भारत की 'भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड' मिलकर भारत में ही हैमर मिसाइल बनाएंगे। गौर करें तो दोनों देशों के बीच राफेल लड़ाकू विमानों से लेकर पनडुब्बियों तक रक्षा सहयोग का लगातार विस्तार हो रहा है। अभी गत वर्ष ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा हुई थी, तब दोनों देशों के बीच डिफेंस, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में मिलकर काम करने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी और टेक्नोलॉजी को नई धार देने के निमित्त एआई (आटिफिशियल इंटेलिजेंस) पर अलग से बयान जारी करते हुए वर्ष 2026 को 'इंडो-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन' घोषित किया। तब दोनों देशों ने स्कॉर्पीन सबमरीन निर्माण, मिसाइल हेलिकॉप्टर, जेट इंजन, एडवांस मॉड्यूल रिएक्टर, परमाणु उर्जा एवं शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करने के अलावा एकदूसरे को सहयोग करने का भरोसा दिया। मैक्रो की भारत यात्रा ने एक बार फिर रेखांकित किया है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में दोनों देश विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों के जरिए एक-दूसरे का स्वर बनने को तैयार हैं। विगत कुछ वर्षों के दरम्यान दोनों देशों की सामरिक-आर्थिक क्षेत्र को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। इस समय दोनों देश रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। गत वर्ष पहले ही दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हुए। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने पर सहमति बनी। गौर करें तो रक्षा सहयोग दोनों देशों के संबंधों का आधार है। याद होगा कि गत वर्ष पहले प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित किया था कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान, सभी क्षेत्र में मिलकर काम करने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमति जाहिर की थी। गौरतलब है



कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रीयूनियन द्वीप, न्यूकैलेडोनिया और फ्रेंच पोलिनेशिया जैसे क्षेत्रों में व्यापक उपस्थिति है। इस पहल से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दादागिरी पर रोक लगेगी। दोनों देशों के बीच कितने मधुर संबंध हैं इसी से समझा जा सकता है कि फ्रांस प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित कर चुका है। याद होगा जब 1998 में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था, तब उससे नाराज होकर दुनिया के ताकतवर मुल्क अमेरिका ने भारत पर प्रतिबंध थोपा था। तब फ्रांस ने भारत के साथ कंधा जोड़ते हुए रणनीतिक समझौते को व्यापक आयाम दिया। फ्रांस लगातार भारतीय सेना को लड़ाकू जेट व पनडुब्बियों समेत साजो-सामान की आपूर्ति कर रहा है। 2018 के बाद से फ्रांस भारत का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा आपूर्तिकर्ता देश बन चुका है। मौजूदा समय में भारत अपनी कुल रक्षा आयात का तकरीबन 29 फीसदी फ्रांस से करता है।

दोनों देशों के बीच बढ़ती निकटता ने कारोबारी, रणनीतिक और सामरिक कुटनीति को नए क्षितिज पर पहुंचा दिया है। दोनों देश एक-दूसरे के सैनिक अड्डे का इस्तेमाल और वहां अपने युद्धपोत रखने के अलावा ऊर्जा, तस्करी, आव्रजन, शिक्षा, रेलवे, पर्यावरण, परमाणु, आतंकवाद और अंतरिक्ष मामलों में मिलकर काम कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच यूपीआई को लेकर भी सहमति बन चुकी है। विगत 25 वर्षों के दरम्यान दोनों देशों के बीच साझेदारी और समझदारी का ही परिणाम है कि आज भारत में विदेशी निवेश के लिहाज से फ्रांस तीसरा सबसे बड़ा निवेशक देश बन चुका है। भारत में 1000 से अधिक फ्रांस की कंपनियां काम कर रही हैं और सभी कंपनियों का संयुक्त टर्नओवर तकरीबन 30 अरब डॉलर से अधिक है। विगत ढाई दशकों में भारत-फ्रांस संबंध को एक नया आयाम मिला है और दोनों देश राजनीतिक, आर्थिक व सामरिक संबंधों में बेहतरी के लिए गंभीर प्रयास किए हैं।

फ्रांस के नेतृत्व के दृष्टिकोण में बदलाव के साथ-साथ कुछ द्विपक्षीय बाध्यताओं ने भी दोनों देशों को एक-दूसरे के निकट लाया है। यह तथ्य है कि चीन युद्ध के बाद भारत न केवल महाशक्तियों अपितु अफ्रीका व एशियाई देशों से भी अलग-थलग पड़ गया था। भारत को एक ऐसे देश के प्रति आकृष्ट होना स्वाभाविक था जिससे उसका कोई क्षेत्रीय विवाद न रहा हो। इसके अलावा 1962 में भारत व फ्रांस के बीच क्षेत्रों के हस्तांतरण संबंधी संधि के अनुमोदन ने दोनों देशों के संबंधों में मिठास घोली। तथ्य यह भी कि फ्रांस सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारतीय प्रयास का समर्थन करने वाले प्रथम देशों में से एक था। वह आज भी अपने पुराने रुख पर कायम है। दरअसल, दोनों देशों के राजनीतिक नेतृत्व में कई द्विपक्षीय तथा अंतरराष्ट्रीय विषयों के संबंध में समान सोच है। हालांकि विदेश नीति के विरोधी अभिमुखन के कारण दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों पर कई बार विरोधी रुख भी अपनाए हैं। 1973 में फ्रांस के तत्कालीन अर्थव्यवस्था एवं वित्तमंत्री वेलेरी जिसकार्ड जो बाद में फ्रांस के राष्ट्रपति भी बने, की पहल पर 'भारत-फ्रांस अध्ययन समूह' की स्थापना हुई।

इस समूह की पहली बैठक फरवरी 1974 में फ्रांस में हुई तथा दूसरी बैठक मार्च 1975 में नई दिल्ली में हुई। इस समूह की सलाह पर दोनों देशों के मध्य समुद्री तेल उत्खनन, शक्ति उत्पादन व वितरण, कोयला उत्खनन व प्रयोग तथा तीसरे देश में संयुक्त उद्यम स्थापित करने संबंधित कई अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए। सबसे महत्वपूर्ण बात जो दोनों देशों के व्यापार में अहम है वह यह कि 1994 के बाद व्यापार संतुलन हमेशा भारत के पक्ष में बना हुआ है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

रोबोडॉग विवाद
महेन्द्र तिवारी




# तकनीक, पारदर्शिता व प्रतिष्ठा का टकराव

तकनीकी उपलब्धियों के इस युग में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता को भविष्य की दिशा तय करने वाली शक्ति माना जा रहा है, तब सार्वजनिक मंचों पर प्रस्तुत किए जाने वाले दावों की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में सामने आया रोबोडॉग विवाद इसी तथ्य को रेखांकित करता है कि तकनीक केवल प्रदर्शन की वस्तु नहीं है, बल्कि यह भरोसे, प्रतिष्ठा और जिम्मेदारी से भी जुड़ी होती है। इस घटना ने कुछ ही दिनों में अकादमिक जगत, सोशल मीडिया और राजनीतिक विमर्श में ऐसी हलचल पैदा कर दी, जिसने स्वदेशी नवाचार, संस्थागत नैतिकता और वैज्ञानिक संचार की प्रकृति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। समिट का उद्देश्य देश की उभरती कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षमता को प्रदर्शित करना और शोध संस्थानों, उद्योगों तथा नीति-निर्माताओं को एक साझा मंच देना था। इसी मंच पर एक निजी विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत रोबोटिक डॉग को आरंभ में तकनीकी उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया गया। प्रदर्शन के दौरान रोबोट की गतिशीलता, संतुलन, निगरानी क्षमता और मनोरंजक क्रियाएं दर्शकों को आकर्षित कर रही थीं। एक साक्षात्कार में इसे संस्थान की एआई पहलों से जोड़कर प्रस्तुत किया गया, जिससे आम दर्शकों के बीच यह धारणा बनी कि यह स्वदेशी प्रयास का परिणाम है। डिजिटल युग में सूचना की जांच-पड़ताल बहुत तेज़ी से होती है। वीडियो और तस्वीरें सामने आने के बाद तकनीकी समुदाय के कुछ लोगों ने इसकी पहचान एक विदेशी व्यावसायिक मॉडल के रूप में कर ली, जिसके बाद आलोचना का सिलसिला शुरू हुआ। सोशल मीडिया ने इस विवाद को असाधारण गति प्रदान की। कुछ ही घंटों में यह विषय मीम्स, टिप्पणियों और राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का केंद्र बन गया। इस प्रतिक्रिया में तकनीकी जागरूकता और भावनात्मक राष्ट्रवाद दोनों का मिश्रण दिखाई दिया। कई लोगों ने इसे स्वदेशी तकनीक के नाम पर भ्रम फैलाने का उदाहरण बताया, जबकि कुछ ने इसे महज़ संचार की त्रुटि या अतिशयोक्ति मानकर संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की अपील की। डिजिटल प्लेटफॉर्म की यही विशेषता है कि वह किसी घटना को तथ्यात्मक चर्चा से अधिक प्रतीकात्मक अर्थ दे देता है। रोबोडॉग का मामला भी केवल एक उपकरण का प्रश्न नहीं, बल्कि यह देश की तकनीकी छवि और आत्मनिर्भरता की अवधारणा से जुड़ गया। विवाद बढ़ने पर आयोजकों और संबंधित मंत्रालय की प्रतिक्रिया भी सामने आई। आधिकारिक संकेतों में स्पष्ट किया गया कि सार्वजनिक मंचों पर प्रदर्शित जानकारी का सत्यापन आवश्यक है और गलतफहमी पैदा करने वाली प्रस्तुति स्वीकार्य नहीं है। इसके बाद संस्थान को अपना स्टॉल हटाने का निर्देश दिया गया, जिसने इस प्रकरण को और गंभीर बना दिया। यह कार्रवाई एक प्रकार से संदेश थी कि तकनीकी प्रदर्शन केवल प्रचार का साधन नहीं हो सकता; उसमें प्रमाणिकता का मानक अनिवार्य है। यह पक्ष हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि आधुनिक विज्ञान संचार में शब्दों का चयन कितना महत्वपूर्ण होता है। एक सार्वजनिक प्रस्तुति में अस्पष्ट भाषा या उत्साह में किया गया बयान व्यापक गलतफहमी को जन्म दे सकता है, जिसका परिणाम प्रतिष्ठा पर दीर्घकालिक प्रभाव के रूप में सामने आता है। इस घटना का तकनीकी पहलू भी ध्यान देने योग्य है। विदेशी निर्मित रोबोटिक प्लेटफॉर्म का प्रयोग अनुसंधान या प्रशिक्षण के लिए असामान्य नहीं है। विश्व भर में विश्वविद्यालय और प्रयोगशालाएं ऐसे उपकरण खरीदकर उन पर प्रयोग करते हैं, कोड विकसित करते हैं और नई क्षमताओं का परीक्षण करते हैं। ज्ञान का आदान-प्रदान विज्ञान की मूल प्रकृति है। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब प्रस्तुति और वास्तविकता के बीच दूरी बन जाती है। यही दूरी आलोचना का कारण बनी। इस विवाद ने यह भी स्पष्ट किया कि आयातित तकनीक पर काम करना और उसे स्वयं विकसित बताना दो भिन्न बातें हैं, जिनके बीच पारदर्शिता आवश्यक है। अंततः रोबोडॉग विवाद को केवल एक नकारात्मक घटना के रूप में देखना अधूरा दृष्टिकोण होगा। इसे एक ऐसे क्षण के रूप में देखा जा सकता है जिसने देश में तकनीकी विमर्श को अधिक गंभीर और आत्मविश्लेषी बनाया। प्रगति का मार्ग केवल उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उनसे उत्पन्न विवादों और उनसे सीखे गए पाठों से भी बनता है। पारदर्शिता, संवाद और जिम्मेदारी यदि वैज्ञानिक संस्कृति का हिस्सा बनें, तो ऐसी घटनाएं भविष्य में बेहतर मानकों की स्थापना का कारण बन सकती हैं। यही इस पूरे प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण संदेश है कि तकनीक का विकास केवल मशीनों का विकास नहीं, बल्कि विश्वास और उत्तरदायित्व का विकास भी है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

## ऐसे काम न करें, जिनसे समाज में गलत संदेश जाए



संकलित
प्रेरणा

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### मोटापा सेहत का दुश्मन

हमारे देश के लोगों में मोटापा बढ़ता जा रहा है। इससे जानलेवा बीमारियों के बढ़ने का खतरा ज्यादा होता है। आज हमने अपनी जीवनशैली और खानपान की आदतों को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है। मोटापा भी कुदरत के विरुद्ध खानपान और जीवनशैली अपनाने से बढ़ता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और हमारे देश की सरकारें, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन बहुत से अभियान चलाते हैं। योग गुरु भी इसके लिए काम करते हैं, लेकिन हम उनकी बातों की तरफ ध्यान नहीं देते हैं और फिर गलत खानपान और जीवनशैली अपना कर अपना स्वास्थ्य खराब कर लेते हैं। कुछ लोगों ने अपने खानपान और जीवनशैली की आदत को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य को खराब करने का काम किया है। *- ललित वाधवानी, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# सूडान की तबाही में 'नरसंहार के स्पष्ट संकेत' दिखे : संरा

संयुक्त राष्ट्र समर्थित मानवाधिकार विशेषज्ञों ने बृहस्पतिवार को कहा कि सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर के एक शहर और उसके आसपास के इलाकों में गैर-अरब समुदायों के खिलाफ सूडानी विद्रोहियों द्वारा अक्टूबर में चलाए गए अभियान में नरसंहार के संकेत दिखाई देते हैं। यह देश में जारी विनाशकारी युद्ध को लेकर एक चौंकाने वाला निष्कर्ष है। सूडान पर एक स्वतंत्र तथ्यान्वेषी मिशन की रिपोर्ट के अनुसार, रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) ने अल-फशेर में 18 महीने की घेराबंदी के बाद बड़े पैमाने पर हत्याएं और अन्य अत्याचार किए। इसके अनुसार, इस दौरान रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने गैर-अरब समुदायों, विशेष रूप से जघावा और फुर समुदायों को नुकसान पहुंचाने के लिए सोची-समझी शर्तें लागू कीं।



संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों का कहना है कि दारफुर में सूडानी सेना के एकमात्र बचे गढ़ अल-फशेर पर आरएसएफ के कब्जे के दौरान कई हजार नागरिक मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि शहर के 260,000 निवासियों में से केवल 40 प्रतिशत ही हमले से बचकर निकलने में कामयाब रहे। उनमें से हजारों घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बाकी बचे लोगों का क्या हुआ, यह अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## ऑफ बीट

# एआई का इस्तेमाल कब न करें, यह जानना भी जरूरी

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रशिक्षण में आमतौर पर इस बात पर जोर दिया जाता है कि बेहतर परिणाम कैसे हासिल किए जाएं—बेहतर प्रॉम्प्ट कैसे लिखें, प्रश्न को कैसे परिष्कृत करें और सामग्री को अधिक तेजी से कैसे तैयार करें। इस दृष्टिकोण के संदर्भ में एआई को केवल उत्पादकता बढ़ाने वाले औजार के रूप में देखा जाता है और सफलता को गति से मापा जाता है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि यह सोच अधूरी है। आलोचनात्मक एआई साक्षरता अलग प्रश्न उठाती है। इसमें मैं इसका उपयोग कैसे करूं? के बजाय क्या मुझे इसका उपयोग करना भी चाहिए? और इसे तेज कैसे बनाऊं? के बजाय इस प्रक्रिया में मैं क्या खो रहा हूं? के बारे में जानना बेहद जरूरी है। एआई प्रणालियां उन पूर्वाग्रहों को साथ लेकर चलती हैं, जिन्हें अधिकतर उपयोगकर्ता देख नहीं पाते। वर्ष 2025 में 'ब्रिटिश न्यूज़पेपर आर्काइव' पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि डिजिटल व्यवस्था वाले विक्टोरियनकालीन अखबार वास्तव में प्रकाशित सामग्री के 20 प्रतिशत से भी कम का प्रतिनिधित्व करते हैं। उपलब्ध नमूना राजनीतिक प्रकाशनों की ओर झुकाव रखता है और स्वतंत्र आवाज़ों को कम दर्शाता है। ऐसे में यदि कोई शोधकर्ता इसी आधार पर विक्टोरियन समाज के बारे में निष्कर्ष निकाले, तो वह अभिलेखागार में निहित विकृतियों को दोहरा सकता है।



## ट्रेंड

### एआई -सक्षम शासन



नई दिल्ली में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में राजस्थान के हमारे स्टार्टअप्स और डेटा-संचालित गवर्नेंस मॉडल को वैश्विक मंच मिल रहा है। दिग्गज कंपनियों के साथ हमारी टीम की चर्चा राज्य में एआई -सक्षम शासन और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर की नई राहें खोलेगी।
**- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### नौकरियों में पारदर्शिता



अगले कार्यकाल में हमारी सरकार केवल शिक्षा विभाग में ही 50,000+ युवाओं की नियुक्ति करेगी। सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता और गति का जो बड़ा बदलाव आया है, वह आगे भी जारी रहेगा।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### सांस्कृतिक असंवेदनशीलता



हमारे प्रधानमंत्री ने बंगाल की महान हस्तियों के प्रति अपनी सांस्कृतिक असंवेदनशीलता का प्रदर्शन किया है। आज श्री श्री रामकृष्ण परमहंसदेव का सम्मान करते हुए उनके नाम के आगे अभूतपूर्व और अनुचित उपसर्ग "स्वामी" जोड़ दिया!
**- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

### किसान हितों की अनदेखी



अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत के कृषि क्षेत्र और ऊर्जा सुरक्षा/ रणनीतिक स्वतंत्रता से संबंधित व्यापार को शामिल करना साफ दर्शाता है कि केंद्र सरकार ने अमेरिका के दबाव में आकर अपने घुटने टेक दिए हैं। इसमें किसानों के दूरगामी हितों की अनदेखी की गई है।
**- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### कर्नाटक व जम्मू-कश्मीर के बीच होगा फाइनल

**लखनऊ।** कर्नाटक ने बृहस्पतिवार को उत्तराखंड के खिलाफ ड्रॉ हुए सेमीफाइनल मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर 11 साल के अंतराल के बाद रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई। कर्नाटक 24 फरवरी से हुबली में होने वाले फाइनल में जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगा। अब कर्नाटक की निगाहें अपने नौवें रणजी ट्रॉफी खिताब पर लगी होंगी। उसने आखिरी रणजी खिताब 2014-15 सत्र में आर विनय कुमार की कप्तानी में जीता था।

### सितंबर में आयोजित की जाएगी लद्दाख मैराथन

**नई दिल्ली।** विश्व में सबसे ऊंचाई वाले स्थान पर होने वाली प्रतिष्ठित लद्दाख मैराथन इस साल 10 से 13 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। एआईएमएस से प्रमाणित लद्दाख मैराथन को दुनिया की सबसे चुनौती पूर्ण मैराथन माना जाता है जिसमें सिल्क रूट अल्ट्रा (122 किमी) और खारदुंग ला चैलेंजर अल्ट्रा रेस (72 किमी) आकर्षण का केंद्र होंगे। खारदुंग ला में 17,618 फीट की ऊंचाई पर होने वाली इन दोनों दौड़ में मैराथन और अल्ट्रा मैराथन का अनुभव रखने वाले धावक ही भाग ले सकते हैं। इस मैराथन के लिए पंजीकरण गुरुवार से शुरू हो गए हैं। इसमें भाग लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।



### पाकिस्तान हॉकी टीम के कप्तान पर लगा प्रतिबंध

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के प्रेसिडेंट तारिक बुगती ने होटल पेमेंट में हुई गड़बड़ी के बाद इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान के कप्तान शकील अम्माद बट पर भी 2 साल का प्रतिबंध लगाया है। बता दें कि हाल ही में पाकिस्तान की नेशनल टीम ने ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, जहां उनके रहने तक की सही व्यवस्था नहीं थी और पाकिस्तानी कप्तान ने सोशल मीडिया के जरिए बदइंतजामी की पोल खोली थी। बुगती ने पाक के प्रधानमंत्री शहबाज को अपना इस्तीफा सौंप दिया।




### आईपीएल से जुड़ी 'द हंड्रेड' टीमों के पाक खिलाड़ियों पर बोली नहीं लगाने की संभावना

**लंदन।** पाकिस्तान के क्रिकेटरों को आगामी सत्र में 'द हंड्रेड' की उन फ्रेंचाइजी से अनुबंध मिलने में मुश्किल हो सकती है जिनका स्वामित्व आंशिक रूप से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों के पास है। रिपोर्टों के अनुसार इन टीमों ने अगले महीने होने वाली खिलाड़ी नीलामी में पाक खिलाड़ियों पर विचार नहीं करने का निर्णय लिया है। 21 जुलाई से 16 अगस्त तक निर्धारित इस टूर्नामेंट के आगामी सत्र में निजी निवेश के कारण खिलाड़ियों के वेतन में काफी बढ़ोतरी होने वाली है लेकिन पाकिस्तान के खिलाड़ियों को इस वित्तीय लाभ से वंचित रहना पड़ सकता है क्योंकि भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण कूटनीतिक संबंधों के चलते आईपीएल से जुड़ी फ्रेंचाइजी ऐसा फैसला कर सकती हैं।

# टी-20 विश्व कप 2026: सुपर-8 में भारतीय टीम की द. अफ्रीका, जिम्बाब्वे व वेस्ट इंडीज से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टी-20 विश्व कप 2026 में भारतीय क्रिकेट टीम सुपर-8 में पहुंच चुकी है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने अपने शुरुआती 3 मैच जीतते ही सुपर-8 का टिकट हासिल किया था। नियमों के मुताबिक, चारों ग्रुप में से हर एक से शीर्ष-2 टीमें अगले दौर में पहुंचती हैं। गत विजेता भारतीय टीम को सुपर-8 के ग्रुप-1 में रखा गया है। आइए इस ग्रुप से जुड़ी सभी जानकारी पर एक नजर डालते हैं।

### सुपर-8 में ग्रुप-1 में शामिल है भारतीय टीम

सुपर 8 प्री-सीडिंग में, भारत को वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका की टीमों के साथ ग्रुप-1 में रखा गया है। दूसरी तरफ इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और श्रीलंका की टीमें ग्रुप-2 में मौजूद है। इस ग्रुप की बची हुई टीम पाकिस्तान या यूएसए में से एक होगी। बता दें कि ग्रुप-1 की टीमें अपने सभी मैच भारत में खेलेंगी, जबकि ग्रुप-2 की टीमों के मुकाबले श्रीलंका में खेले जाएंगे।



### अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता में सुपर 8 में भिड़ंत

भारत 22 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपने पहले सुपर-8 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। प्रोटियाज टीम ने भी अपने ग्रुप के चारों मैचों में जीत दर्ज की है। इसके 4 दिन बाद 26 फरवरी को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सूर्यकुमार के नेतृत्व वाली टीम जिम्बाब्वे से भिड़ेगी। भारत का आखिरी मुकाबला वेस्टइंडीज से होगा। कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में 1 मार्च को ये मैच खेला जाएगा।

### टी-20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम का प्रदर्शन

भारत ने अपने पहले मैच में यूएसए क्रिकेट टीम को 29 रन से हराते हुए अपने अभियान की शुरुआत की थी। अपने दूसरे मुकाबले में भारत ने नामीबिया को 93 रन से करारी शिकस्त दी। इसके बाद सूर्यकुमार की कप्तानी वाली टीम ने पाकिस्तान को 61 रन से हराया।भारत ने अपने आखिरी ग्रुप मैच में नीदरलैंड को भी हरा दिया।

### अपने तीसरे खिताब की तलाश में है भारतीय टीम

महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2007 में टी-20 विश्व कप पर कब्जा जमाया था। इसके बाद रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम 2024 में दूसरी बार विजेता बनी थी। भारतीय टीम इस बार अपना तीसरा खिताब जीतने की पुरजोर कोशिश कर रही है। इसके अलावा भारतीय टीम 2014 के संस्करण में उपविजेता रही थी। भारत के अलावा इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने 2-2 बार इस प्रतिष्ठित खिताब को अपने नाम किया है। इनके अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया 1-1 बार विजेता बनी है।

## टी-20 विश्व कप 2026 : इटली की टीम 123 रन पर सिमटी

# वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रन से हराया जोसेफ ने लिए 4 विकेट, लपके 4 कैच

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने टी-20 विश्व कप 2026 के 37वें मुकाबले में इटली को 42 रन से हरा दिया। इस विश्व कप में वेस्टइंडीज की लगातार चौथी जीत है। वहीं, इटली का इस विश्व कप में सफर खत्म हो गया। उसने 4 मुकाबले खेले और उसे 1 मैच में नेपाल के खिलाफ जीत मिली। मैच में वेस्टइंडीज ने 165/6 का स्कोर बनाया।

जवाब में इटली 123 रन ही बना पाई। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अनुकूल दिख रही पिच पर इटली के स्पिनरों के सामने खुलकर नहीं खेल पाए लेकिन उसने होप (46 गेंद पर 75 रन) के अर्धशतक की बदौलत छह विकेट पर 165 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में इटली की टीम 18 ओवर में 123 रन पर आउट हो गई। उसका कोई भी बल्लेबाज 30 रन की संख्या तक नहीं पहुंच पाया।

### मैच का लेखा-जोखा

मैच में इटली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान शाई होप ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए। उनके अलाव शेरफन रदरफोर्ड और रोस्टन चेज के बल्ले से 24-24 रन निकले। क्रिशन कालुगामगे ने इटली के लिए सिर्फ 25 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाब में इटली के लिए कोई बल्लेबाज मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाया। वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने घातक गेंदबाजी करते हुए सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।




### ऐसी रही होप की पारी

होप ने 46 गेंदों का सामना किया और 76 रन बनाए। उनके बल्ले से 6 चौके और 4 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 163.04 की रही। ये उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 11वां अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने सिर्फ 28 गेंदों में पूरा किया। होप ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक लगाया। इससे पहले उन्होंने नेपाल के खिलाफ 61* रन की पारी खेली थी। इस खिलाड़ी ने टी-20 विश्व कप में 152.32 की स्ट्राइक रेट से 262 रन बनाए हैं।

### होल्डर के 300 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले

जेसन होल्डर अपना 300वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने उतरे। उन्होंने अब तक 69 टेस्ट, 138 वनडे और 93 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। होल्डर ने टेस्ट में 30.39 की औसत से 162 विकेट लिए हैं, जबकि वनडे में उनके नाम 36.96 की औसत से 159 विकेट दर्ज हैं। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में वह 106 विकेट चटका चुके हैं। होल्डर ने बल्ले से भी योगदान दिया है और टेस्ट में 3,073, वनडे में 2,237 तथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 789 रन बनाए हैं।

### अफगानिस्तान ने कनाडा को 82 रन से हराकर जीत से अभियान समाप्त किया

**चेन्नई (भाषा)।** अफगानिस्तान ने इब्राहिम जदरान (नाबाद 95 रन) की शानदार अर्धशतकीय पारी के बाद मोहम्मद नबी (सात रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत बृहस्पतिवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के औपचारिक ग्रुप डी मैच में कनाडा पर 82 रन की जीत से अपना अभियान खत्म किया। कनाडा की टीम टूर्नामेंट में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी जबकि अफगानिस्तान की यह दूसरी जीत रही। राशिद खान की अगुआई वाली टीम स्पष्ट रूप से बेहतर टीम थी जो दक्षिण अफ्रीका को 'डबल सुपर ओवर' तक ले गई, हालांकि उसे हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी दोनों टीमों के बीच मुकाबले में अफगानिस्तान ने जदरान की 56 गेंद की अर्धशतकीय पारी से चार विकेट पर 200 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। फिर उसके गेंदबाजों ने कनाडा को 20 ओवर में आठ विकेट पर 118 रन ही बनाने दिए। दोनों टीमें शानदार जीत के साथ घर लौटना चाहती थीं, लेकिन अफगानिस्तान ने शानदार बल्लेबाजी के साथ शानदार गेंदबाजी की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कनाडा ने तीसरे ही ओवर में कप्तान दिलप्रीत बाजवा (13 रन) का विकेट गंवा दिया। छह ओवर के अंदर उनका स्कोर तीन विकेट पर 33 रन हो गया जिसमें नबी ने अहम झटके दिए। उन्होंने युवराज समरा (17) और निकोलस किर्टन (10) के विकेट झटके। ऑफ-स्पिनर मुजीबुर रहमान ने बाजवा को आउट किया।

टी20 वर्ल्ड कप

# जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को घर में घुसकर रौंदा, जीत की हैट्रिक



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में जिम्बाब्वे की टीम कमाल कर रही है। अब उसने श्रीलंका को उसी के घरेलू मैदान पर 6 विकेट से हरा दिया है। कोलंबो में खेले गए मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 178 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में जिम्बाब्वे ने 3 गेंद शेष रहते लक्ष्य को हासिल कर लिया। इससे पहले जिम्बाब्वे की टीम इसी वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को हरा चुकी है। बताते चलें कि यह अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट इतिहास में जिम्बाब्वे का दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज है. वहीं जिम्बाब्वे की टीम ग्रुप बी में टॉप पर रही। इस मैच में टॉस जीतकर श्रीलंका पहले बैटिंग करने आई थी, उसने पथुम निसांका के अर्धशतक की बदौलत स्कोरबोर्ड पर ठीक ठाक रन 179 रन भी बनाए थे। मगर सिकंदर रजा और उनकी सेना एक और बड़ा उलटफेर करने के मूड़ में मैदान में उतरी थी और उसने अपने जीत के अभियान को जारी रखा।

### खूब गरजा सिकंदर रजा का बल्ला

एक छोर ब्रायन बैनेट ने संभाला हुआ था, जो मैच में 63 रन बनाकर नाबाद लौटे। वहीं पारी के 12वें ओवर में कप्तान सिकंदर रजा बैटिंग करने आए। उन्होंने अपनी पारी की पहली 9 गेंदों में सिर्फ 6 रन बनाए थे, जिसके बाद उन्होंने चौके और छक्कों की बारिश करनी शुरू कर दी। अगली 16 गेंदों में सिकंदर ने 39 रन जड़ डाले। आखिरी 10 ओवर में जिम्बाब्वे को जीत के लिए 101 रन बनाने थे. वो सिकंदर रजा की 45 रनों की तूफानी पारी का ही नतीजा रहा कि जिम्बाब्वे 179 के विशालकाय लक्ष्य को हासिल कर पाई।

क्रिकेट

## बिग बैश लीग का पहला मैच भारत में कराना चाहती है क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता जगजाहिर है। घरेलू मैच से लेकर के अंतरराष्ट्रीय मैच तक हर मुकाबले को देखने के लिए मैदान पर दर्शक मौजूद होते हैं। क्रिकेट की दीवानगी के चलते ही इंडियन प्रीमियर लीग विश्व की सबसे बड़ी क्रिकेट फ्रेंचाइजी लीग है।इस बीच खबर है कि बिग बैश लीग के अगले संस्करण के पहले मैच को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया भारत में आयोजित करवाना चाहता है।

**चेन्नई में मैच आयोजित कराने पर विचार :** सेन क्रिकेट की रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अगले बीबीएल संस्करण के पहले मैच को चेन्नई में आयोजित कराना चाहता है।रिपोर्ट में कहा गया है कि यह भारतीय और दक्षिण एशियाई दर्शकों को जोड़ने की सीए की बड़ी योजना का हिस्सा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की फिलहाल ऐसी योजना है कि तमिलनाडु की राजधानी में सालाना गेम आयोजित किया जाए। हालांकि, इस पर भी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की मंजूरी की जरूरत होगी।




## ओमान और खराब फार्म से जूझ रही आस्ट्रेलिया के बीच भिड़ंत आज

**कैंडी।** टी-20 विश्व कप 2026 के 40वें मुकाबले में शुक्रवार (20 फरवरी) को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का सामना ओमान से होगा। यह सुपर-8 चरण शुरू होने से पहले ग्रुप स्टेज का आखिरी मुकाबला होगा, हालांकि दोनों टीमें पहले ही सुपर-8 की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। ऑस्ट्रेलिया और ओमान के बीच अब तक सिर्फ एक टी-20 मुकाबला खेला गया है, जिसमें कंगारू टीम ने जीत दर्ज की थी। ओमान और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह मुकाबला कैंडी के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में रात 7 बजे से खेला जाएगा। इस पूरे टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी कुछ खास नहीं रही। ऐसे में आखिरी मुकाबले में वह अपना खोया हुआ फॉर्म प्राप्त करना चाहेंगे। ग्लेन मैक्सवेल जो एक भी मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाए, वह भी बेहतर प्रदर्शन करने को देखेंगे।




**ऑस्ट्रेलिया:** मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रेविस हेड, कैमरून ग्रीन, टिम डेविड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, कूपर कॉनॉली, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस और एडम जैम्पा।

**ओमान:** जतिंदर सिंह (कप्तान), आमिर कलीम, हम्माद मिर्जा, वसीम अली, करण सोनावाले, जितेन रामानंदी, विनायक शुक्ला (विकेटकीपर), सुफयान महमूद, नदीम खान, शाह फैसल और शकील अहमद।

### तीन मैचों की महिला टी-20 क्रिकेट में 1-1 की बराबरी

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 19 रन से हराकर सीरीज की बराबर

एजेंसी ▶▶| मनुका ओवल

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 19 रन से हार का सामना करना पड़ा। मनुका ओवल में खेले गए मैच में कंगारू टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 163/5 का स्कोर बनाया, जिसमें जॉर्जिया वोल की 88 रन की पारी शामिल रही। जवाब में भारतीय टीम लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रही। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की सीरीज में फिलहाल 1-1 से बराबरी हासिल की।




### इस तरह से रोचक रहा मुकाबला

ऑस्ट्रेलिया से जॉर्जिया और बेथ मूनी (46) ने पहले विकेट के लिए 128 रन की साझेदारी की। अच्छी शुरुआत के बाद सलामी बल्लेबाजों के अलावा अन्य ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी क्रीज पर नहीं टिक सकी और मेजबान टीम ने सम्मानजनक स्कोर बनाया। जवाब में भारत से शफाली वर्मा (29) और स्मृति मंधाना (31) ने सधी हुई शुरुआत की। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर (36) और विकेटकीपर ऋचा घोष (19) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सकी।

## आईपीएल में मेगा डील की तैयारी

### अवराम ने 16,200 करोड़ की बोली लगाई

# मैनचेस्टर यूनाइटेड के मालिक खरीद सकते हैं आरसीबी को

**मुंबई।** आईपीएल की दुनिया में एक और बड़ी कारोबारी हलचल देखने को मिल सकती है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के सह-मालिक अवराम ग्लेज़र ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम खरीदने के लिए करीब 1.8 बिलियन डॉलर (16,200 करोड़ रुपये) की बोली लगाई है। इस डील में ग्लोबल प्राइवेट इक्विटी कंपनियां और भारतीय उद्योगपति भी रेस में बताए जा रहे हैं। अगर यह सौदा होता है तो आईपीएल फ्रेंचाइज़ी की वैल्यूएशन का नया रिकॉर्ड बन सकता है और क्रिकेट में विदेशी निवेश की नई कहानी शुरू हो सकती है। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल अब सिर्फ क्रिकेट नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे बड़े स्पोर्ट्स बिजनेस प्लेटफॉर्म में बदल चुका है। बता दें कि विराट कोहली इसी टीम से आईपीएल में खेलते हैं। इसे खरीदने के लिए एक से एक बड़े-बड़े दिग्गज बोली लगा रहे हैं। इस लिस्ट में अब एक बड़े अंग्रेज की भी एंट्री हो चुकी है। इतना ही नहीं आरसीबी को खरीदने की रेस में अदार पूनावाला भी शामिल हैं। अब इस लिस्ट में जिस अंग्रेज की एंट्री हुई है वह फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के सह मालिक हैं। उनका नाम अवराम ग्लेज़र है।



### कभी विजय माल्या थे आरसीबी के मालिक

आईपीएल की सबसे महंगी फ्रेंचाइजी में से एक आरसीबी कभी विजय माल्या की हुआ करती थी। माल्या का स्पिरिट्स बिजनेस खरीदने के बाद डियाजियो ने टीम को खरीद लिया था। विजय माल्या ने मार्च 2016 की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी ) के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया और रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (आरसीएसपीएल) के बोर्ड से भी इस्तीफा दे दिया था।

## पांड्या ने टी-20 के 323 मैच खेले, 279 पारियों में ठोके 6,008 रन

# हार्दिक पहले भारत जिसने लिए 6,000 से ज्यादा रन और 200 से अधिक विकेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने टी-20 विश्व कप 2026 में नीदरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच के दौरान अहम उपलब्धि हासिल की। दरअसल, उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ मैच में 30 रन बनाए और अपने टी-20 क्रिकेट करियर में 6,000 रन पूरे किए। वह टी-20 क्रिकेट में 6,000 से ज्यादा रन बनाने के साथ-साथ 200 से अधिक विकेट लेने वाले पहले भारतीय ऑलराउंडर बने।

### पांड्या के टी-20 क्रिकेट के आंकड़े

पांड्या ने अब तक 323 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 279 पारियों में उन्होंने 6,008 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 91 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 25 अर्धशतक लगाए। दूसरी तरफ गेंदबाजी में उन्होंने 262 पारियों में 220 से अधिक विकेट लिए हैं। इस बीच उन्होंने 1 पारी में 5 विकेट हॉल भी लिया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 36 रन देते हुए 5 विकेट लेना रहा।




### बेमिसाल है टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर

पांड्या टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 2,000+ रन और 100+ विकेट ले चुके हैं। अब तक इस खिलाड़ी ने 133 मुकाबले खेले हैं। इसकी 104 पारियों में लगभग 30 की औसत के साथ 2,100 से अधिक रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 8 अर्धशतक निकले हैं। गेंदबाजी में पांड्या ने 120 पारियों में लगभग 26 की औसत से 110 विकेट लिए हैं। उन्होंने 3 बार 4 विकेट हॉल अपने नाम किया है। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 4/16 का रहा है।




**एआई इंपैक्ट समिट 2026**

# भारत-यूएई साझेदारी को नई धार, उन्नत तकनीक, रणनीति सहयोग को गहरा करने पर चर्चा, बेहतर और साझा भविष्य के लिए करेंगे काम


यूएई के क्राउन प्रिंस नाहयान और पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित एआई इंपैक्ट समिट 2026 के बीच भारत-यूएई संबंधों को नई मजबूती मिली। समिट में हिस्सा लेने पहुंचे अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी से द्विपक्षीय मुलाकात की। इस बैठक में उन्नत तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने पर चर्चा हुई। इस बात की जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस बुधवार को दिल्ली पहुंचे थे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत और यूएई भरोसेमंद साझेदार हैं और उन्नत तकनीक, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि क्राउन प्रिंस का एआई इंपैक्ट समिट में स्वागत है और भारत-यूएई मिलकर बेहतर और साझा भविष्य के लिए एआई को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत-यूएई संबंधों की नींव रखने वाले ऐतिहासिक संबंधों को याद करते हुए, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की और विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने एआई में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की।

## स्विटजरलैंड के साथ एआई में भविष्य की साझेदारियों पर हुई बात

## नीदरलैंड के साथ सकारात्मक परिवर्तन के लिए एआई बनेगा टूल

### एआई पावर नहीं, सेवा का माध्यमः पीएम मोदी


पीएम मोदी 'इंडिया एआई इंपैक्ट समिट' के लीडर्स प्लेनरी सेशन में टेक दिग्गजों के साथ शामिल हुए

पीएम मोदी 'इंडिया एआई इंपैक्ट समिट' के लीडर्स प्लेनरी सेशन में टेक दिग्गजों के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत के लिए टेक्नोलॉजी सत्ता हथियाने का हथियार नहीं, बल्कि सेवा का जरिया है। उन्होंने यूपीआई और कोविन का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे इन प्लेटफॉर्म्स ने डिजिटल डिवाइड को खत्म किया, वैसे ही एआई को भी ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) के लिए सुलभ होना चाहिए। एआई का मकसद सिर्फ मुनाफा कमाना नहीं, बल्कि मानवता का कल्याण होना चाहिए। पीएम ने एक तकनीकी उदाहरण के जरिए चेतावनी दी कि एआई को बिना मानवीय मूल्यों के नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने 'पेपर क्लिप प्रॉब्लम' का जिक्र करते हुए बताया कि अगर किसी मशीन को सिर्फ एक छोटा सा लक्ष्य दे दिया जाए, तो वह उसे पूरा करने के लिए दुनिया के सारे संसाधन दांव पर लगा सकती है। इसलिए टेक्नोलॉजी की दिशा हमेशा इंसान ही तय करेगा।

## भारत और स्विटजरलैंड आर्थिक क्षेत्र में सहयोग मजबूत करेंगे

एआई इंपैक्ट समिट 2026 के दौरान स्विस राष्ट्रपति गुय पार्मेलिन के साथ पीएम नरेंद्र मोदी की सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने आर्थिक क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की, जिसमें व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी शामिल हैं। दोनों देशों के नेताओं के बीच एआई नवाचार में भविष्य के लिए तैयार साझेदारियों पर भी बात हुई।


नीदरलैंड के पीएम डिक शूफ और पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि स्विस देश से संबंध तकनीकी सहयोग, गुणवत्तापूर्ण निवेश को बढ़ावा देंगे और विशेष रूप से हमारे युवाओं के लिए रोजगार सृजित करेंगे।

### भारत-नीदरलैंड नए अवसरों का लाभ उठाने पर सहमत

समिट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड के पीएम डिक शूफ के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन के लिए एआई को एक साधन के रूप में उपयोग करने पर अपने विचार साझा किए। दोनों नेताओं ने भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता के सफल समापन पर ध्यान दिया और इसके शीघ्र कार्यान्वयन के लिए काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने प्रौद्योगिकी और नवाचार में भारत-नीदरलैंड सहयोग को और मजबूत करने तथा हमारी आर्थिक साझेदारी में नए अवसरों का लाभ उठाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।


स्विस राष्ट्रपति गुय पार्मेलिन और पीएम मोदी

## वैश्विक टेक दिग्गज बोले

### वैश्विक आर्थिक संतुलन तय करेगा एआईः ब्रैड स्मिथ

माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयर और प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ ने कहा कि एआई वैश्विक आर्थिक संतुलन को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा, खासकर ग्लोबल नॉर्थ और ग्लोबल साउथ के बीच। स्मिथ ने कहा कि आज की दुनिया विभाजित और अस्थिर है, लेकिन सबसे गहरी खाई आर्थिक असमानता की है, जो मुख्य रूप से तकनीकी अंतर के कारण बनी है। उन्होंने जोर दिया कि एआई के व्यापक उपयोग से इस तकनीकी और आर्थिक अंतर को कम किया जा सकता है, बशर्ते तकनीक तक समान पहुंच सुनिश्चित की जाए और विकासशील देशों को भी डिजिटल बुनियादी ढांचे में मजबूत बनाया जाए।


ब्रैड स्मिथ
माइक्रोसॉफ्ट

### एआई अपनाने में दुनिया का नेतृत्व कर रहा भारतः सैम ऑल्टमैन

ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने कहा कि भारत वैश्विक तकनीकी परिदृश्य में अहम भूमिका निभा रहा है और फिलहाल एआई को अपनाने के मामले में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। भारत सिर्फ एआई क्रांति में भाग नहीं ले रहा, बल्कि इसे आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ऑल्टमैन ने भारत के डिजिटल विकास को लेकर उम्मीद जताई और कहा देश के टेक ईकोसिस्टम में हो रहा काम अद्भुत है और वैश्विक गति तय कर रहा है। उन्होंने भारत को भविष्य के नवाचार का प्रमुख केंद्र बताते हुए कहा कि एआई के वैश्विक विकास पर भारत का बड़ा प्रभाव पड़ेगा।


सैम ऑल्टमैन
ओपनएआई

### अरबों लोगों की जिंदगी बदलेगा एआईः पिचाई



गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि गूगल भारत में अपने 15 बिलियन डॉलर (1.35 लाख करोड़ रुपए) के इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश के हिस्से के रूप में एक 'फुल स्टैक एआई हब' स्थापित कर रहा है। इस हब में गीगावाट स्केल की कंप्यूटिंग और एक नया इंटरनेशनल सब-सी केबल गेटवे होगा। हर किसी के लिए उपयोगी एआई बनाने के लिए हमें साहसिक कदम उठाने होंगे, क्योंकि यह अरबों लोगों के जीवन को बेहतर बना सकता है और सबसे कठिन समस्याओं को हल कर सकता है। हमें उन क्षेत्रों की समस्याओं को सुलझाने के लिए भी उतना ही साहसी होना चाहिए जहां अब तक तकनीक की पहुंच नहीं थी।

### स्वदेशी रोबोडॉग की खूबियां देख पीएम भी हुए मुरीद

एआई समिट के दौरान बेंगलुरु के स्टार्टअप जनरल ऑटोनॉमी ने अपने स्वदेशी क्वाड्रूपेड रोबोट परम का वीडियो जारी किया, जिसने सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा बटोरी। परम एक क्वाड्रूपेड (चार पैरों वाला) रोबोट है, जिसे कठिन इलाकों में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। वायरल वीडियो में यह बेंगलुरु की व्यस्त ट्रैफिक के बीच चलते हुए दिखाई देता है। इसे बनानी वाली कंपनी का दावा है कि परम सिर्फ भारत में असेंबल नहीं किया गया, बल्कि भारतीय इंजीनियरों द्वारा पूरी तरह से डिजाइन और विकसित किया गया है। जनवरी में आयोजित डीप टेक शोकेस के दौरान स्टार्टअप के फाउंडर फराज अहसान ने इसे पीएम मोदी के सामने भी पेश किया था, जिसके बाद पीएम ने इसकी तकनीक की सराहना की।

## भारतीय उद्योगपति एआई तकनीक से कई क्षेत्रों में करेंगे बड़ा निवेश, साझा की अपनी योजनाएं

### देश की ताकत बन रहा एआईः एन चंद्रशेखरन

टाटा समूह के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि पीएम मोदी के विजन के तहत भारत ने एआई को एक रणनीतिक राष्ट्रीय क्षमता के तौर पर देखा है। इसमें चिप्स से लेकर सिस्टम, एनर्जी और एप्लिकेशन तक, पूरे ईकोसिस्टम को एक साथ जोड़ा गया है। टाटा ग्रुप भारत का पहला बड़े पैमाने पर ऑप्टिमाइज्ड डेटा सेंटर स्थापित कर रहा है, जिसे खास तौर पर अगली पीढ़ी के लिए बनाया जा रहा है। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने इसके लिए ओपनएआई के साथ साझेदारी की है। हम वर्ल्ड-क्लास एआई रैक आर्किटेक्चर को टाटा की इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती के साथ जोड़ेंगे। हम एक एआई डेटा इनसाइट्स प्लेटफॉर्म बना रहे हैं।


एन. चंद्रशेखरन
टाटा समूह

### एआई से हम बड़े बदलाव के मोड़ परः रिशद

विप्रो के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रिशद प्रेमजी ने कहा कि हम अब एआई के एक बड़े बदलाव के मोड़ पर हैं। अब बातचीत संभावनाओं से हटकर असलियत पर आ गई है; अब बात सिर्फ प्रयोग की नहीं बल्कि इसे अपनाने की है। एआई सिर्फ प्रायोगिक प्रोजेक्ट तक सीमित नहीं रहा, अब इसका असर बड़े पैमाने पर दिख रहा है। टेक्नोलॉजी तभी मायने रखती है जब उसका इस्तेमाल जिम्मेदारी के साथ और बड़े स्तर पर दुनिया की असली समस्याओं को सुलझाने के लिए किया जाए।


रिशद प्रेमजी
विप्रो ग्रुप

### एआई में 100 अरब डॉलर निवेश की योजनाः जीत अदाणी

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के निदेशक जीत अडाणी ने कहा कि एआई आने वाले समय में संप्रभुता की परिभाषा बदल देगा। भारत के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि वह एआई को सिर्फ अपनाएगा या खुद विकसित कर वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करेगा। उन्होंने ऐलान किया कि अदाणी समूह देश के लिए संप्रभु और हरित ऊर्जा आधारित एआई इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म बनाने के लिए 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा। यह केवल डेटा सेंटर विस्तार नहीं, बल्कि 5 गीगावाट क्षमता वाले और लगभग 250 अरब डॉलर के एकीकृत ऊर्जा व कंप्यूट इकोसिस्टम की दिशा में बड़ा कदम होगा, जो भारत की 'इंटेलिजेंस रिवोल्यूशन' को मजबूती देगा।


जीत अदाणी
अडाणी समूह

*बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास मिलन 2026 के 13वें संस्करण के उद्घाटन में बोले रक्षा मंत्री*

# समुद्री डकैती, आतंकवाद, साइबर समस्या बड़ी चुनौतियां, मिलकर करना होगा सामना

परस्पर सम्मान की भावना से मिलकर चुनौतियों का समाधान करें

आपदा राहत अभियानों की आवश्यकता अधिक बार और व्यापक रूप से पड़ रही

एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को भारतीय नौसेना की तरफ से आयोजित प्रमुख द्विवार्षिक बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास मिलन 2026 के 13वें संस्करण के उद्घाटन के लिए विशाखापत्तनम पहुंचे।इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज समुद्री डकैती, समुद्री आतंकवाद, अवैध मछली पकड़ना, तस्करी, साइबर कमजोरियां और जरूरी आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधाएं वैश्विक समुद्री सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, जिससे मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों की आवश्यकता अधिक बार और व्यापक रूप से पड़ रही है।

### आपसी सहयोग विकल्प नहीं अनिवार्यता



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट कहा कि कोई भी एक नौसेना, चाहे वह कितनी भी सक्षम क्यों न हो, इन सभी चुनौतियों का अकेले सामना नहीं कर सकती। इसलिए नौसेनाओं के बीच सहयोग अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। इस वर्ष 74 देशों की भागीदारी के साथ 'मिलन-2026' अब तक का सबसे बड़ा और सबसे समावेशी आयोजन बन गया है। यह इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक समुद्री समुदाय भारत को एक भरोसेमंद और जिम्मेदार समुद्री भागीदार के रूप में देखता है। आज की विशिष्ट जिम्मेदारियां अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपेक्षा करती हैं कि वह परस्पर सम्मान की भावना से मिलकर चुनौतियों का समाधान करे।

### साझा समझ विकसित होती

रक्षा मंत्री ने कहा कि जब कई देशों के युद्धपोत साथ-साथ समुद्र में चलते हैं, जब नाविक एक साथ प्रशिक्षण लेते हैं, और जब कमांडर सामूहिक विचार-विमर्श करते हैं, तब भौगोलिक और राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर साझा समझ विकसित होती है। 'मिलन' जैसे मंच पेशेवर विशेषज्ञता को एक साथ लाते हैं, आपसी विश्वास को मजबूत करते हैं, संयुक्त रूप से काम करने की क्षमता बढ़ाते हैं, और साझा चुनौतियों के लिए समन्वित प्रतिक्रिया देने में मदद करते हैं।

### भारत न्यायसंगत समुद्री व्यवस्था के पक्ष में

राजनाथ सिंह ने कहा कि समुद्र में संयुक्त अभ्यास, बैठकों के दौरान पेशेवर संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से हम स्थायी मित्रता के बंधन को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत एक न्यायसंगत समुद्री व्यवस्था की स्थापना का आकांक्षी है, जो अंतरराष्ट्रीय नियमों और कानूनों के अनुरूप समुद्री आवागमन की स्वतंत्रता पर आधारित हो। इस कानूनी ढांचे को एक व्यापक वैश्विक नौसैनिक संरचना के माध्यम से और मजबूत किया जा सकता है।

### ट्रंप की ईरान को धमकी

## 'किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे'

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार गहराता जा रहा है। अमेरिकी विमानवाहक पोत लगातार ईरान की ओर बढ़ रहे हैं। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान को सीधी धमकी दी गई है। बोर्ड ऑफ पीस की पहली बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, ईरान के लिए हमारे साथ उस रास्ते पर चलने का समय है जो हम बना रहे हैं। पहली बैठक में 40 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। ट्रंप ने कहा कि अगर वह साथ नहीं आता है तो यह एक बहुत अलग रास्ता होगा। हम उसे किसी भी हाल में परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को तेहरान पर निशाना साधते हुए कहा कि अब हमें इसे एक कदम आगे ले जाना पड़ सकता है, या शायद नहीं। शायद हम एक डील करने जा रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने आगे कहा, आपको अगले, शायद 10 दिनों में पता चल जाएगा। ट्रंप ने दोहराया कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकते। अगर उनके पास परमाणु हथियार हैं, तो आप मिडिल ईस्ट में शांति नहीं ला सकते।




# एआई से पकड़ी रेस्टोरेंट्स में 70,000 करोड़ की कर चोरी

**हैदराबाद।** हैदराबाद में फूड और बेवरेज इंडस्ट्री में हलचल मचा देने वाला खुलासा हुआ है। आयकर विभाग की हैदराबाद इन्वेस्टिगेशन यूनिट ने बिरयानी रेस्टोरेंट चेन की गहन जांच से पूरे देश में हजारों करोड़ रुपये के टैक्स चोरी घोटाले का पर्दाफाश किया है। एक लाख से ज्यादा रेस्टोरेंट्स द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले बिलिंग सॉफ्टवेयर के 60 टेराबाइट ट्रांजेक्शनल डेटा का एआई से बारीकी से विश्लेषण करने के बाद विभाग ने चौंकाने वाले नतीजे मिले। वित्तीय वर्ष 2019-20 से अब तक रेस्टोरेंट्स ने कम से कम 70,000 करोड़ रुपये की बिक्री को जानबूझकर छिपाया है।

**हैदराबाद के कई बिरयानी रेस्टोरेंट आईटी के रडार पर**

***टैक्स चोरी में 5 राज्यों से जुड़े तार, 60 टेराबाइट ट्रांजेक्शन डेटा का विश्लेषण किया***

### बड़े घोटाले का खुलासा

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने देशभर में फैले एक बड़े टैक्स चोरी घोटाले का खुलासा किया है। हैदराबाद जांच यूनिट ने देशभर के करीब 1.77 लाख रेस्टोरेंट में इस्तेमाल हो रहे एक बिलिंग सॉफ्टवेयर के 60 टेराबाइट ट्रांजेक्शन डेटा का विश्लेषण किया। यह सॉफ्टवेयर बाजार के करीब 10% हिस्से को कंट्रोल करता है। जांच में पाया गया कि कई रेस्टोरेंट ग्राहकों से रुपये लेने के बाद सिस्टम से बिल डिलीट या एडिट कर रहे थे। देशभर में इस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करने वाले रेस्टोरेंट ने 13,000 करोड़ रुपए से ज्यादा के बिल मिटा दिए।

# किम ने परमाणु रॉकेट लॉन्चर दागा निशाने पर साउथ कोरिया!

**नई दिल्ली।** किम जोन युंग ने नॉर्थ कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में एक समारोह के दौरान परमाणु क्षमता वाले मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर को खुद चलाकर अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया। यह दुनिया के सबसे शक्तिशाली रॉकेट सिस्टम में से एक है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया अक्सर किम की ऐसी तस्वीरें और वीडियो जारी करती है, ताकि देश के भीतर उनकी छवि मजबूत हो और दुश्मन देशों को संदेश दिया जा सके। यह प्रदर्शन ऐसे समय हुआ है जब देश इस महीने होने वाली अहम पार्टी कांग्रेस की तैयारी कर रहा है। इस दौरान उत्तर कोरिया आमतौर पर अपनी सैन्य ताकत का बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28